लोकभाव स्वरांजली

(भाग–दो)



चन्द्ररेखा ढडवाल जनमेजय सिंह गुलेरिया

इंडियन नेशनल ट्रस्ट फार आर्ट एण्ड कलचरल हैरिटेज

लोकभाव स्वरांजली (भाग–दो)

(कांगड़ा के बहत्तर प्रणय, घटना जन्य, वर्णन प्रधान, झिंझोटी तथा पाक्षिक गीतों का भाव विश्लेषण व स्वरांकन)

उन अनाम कवि व गीतकारों को समर्पित, जिन्होंने कांगड़ा की मिट्टी की सुगन्ध को संजोया और भविष्य की प्रेम व रंग-गंध रची हरियाली के लिए वैचारिक मनोभूमियों की परिकल्पना शब्द-शब्द उकेर दी।

जनमेजय सिंह गुलेरिया
गीत चयन व स्वरांकन

चन्द्ररेखा ढडवाल
कथ्य विश्लेषण व भावानुवाद

आवरण पृष्ठ का चित्रांकन – नंदलाल ठाकुर व मुकेश थापा

इंडियन नेशनल ट्रस्ट फार आर्ट एण्ड कलचरल हैरिटेज

ISBN : 978-81-931425-2-3

प्रकाशक : **देस संगीत प्रकाशन**, गाँ. व डा. रक्कड़, धर्मशाला
शब्द संयोजन : सुश्री नीलम व नीला (साई कम्प्यूटरज़, धर्मशाला)
प्रथम संस्करण : 2017
मूल्य : 250 रु
अधिकृत वितरक : * ढडवाल स्टेशनर्ज एण्ड स्पोर्टस, कचैहरी अड्डा, धर्मशाला, दूरभाष : 01892-224867, 94180-87897
** पाठक पब्लिकेशनज़ 35, जीरो रोड, महाजनी टोला इलाहाबाद - 211003 दूरभाष : 098395 53886

मुद्रक : अर्पित प्रिंटर्ज गगल, कांगड़ा # 94180 44708

आभार

हम हार्दिक आभारी हैं, संस्कृति, सामाजिक ज्वलंत विषयों तथा भारतीय दर्शन के अध्येयता व व्याख्याता, पूर्व निर्वाचन आयुक्त रहे श्री के.सी. शर्मा, उत्तरी क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र पटियाला के निर्देशक संगीताचार्य प्रो. (डॉ.) सौभाग्य वर्धन बृहस्पति, राष्ट्रीय स्तर के ख्याति प्राप्त बाँसुरी वादक व संगीतज्ञ डॉ. राजेन्द्र गुरुंग तथा काँगड़ा लोक मानस के सरोकारों व समसामयिक विषयों के विश्लेषक, दिव्य हिमाचल मीडिया समूह के मुख्य संपादक श्री अनिल सोनी के, जिन्होंने हमारी पुस्तक पर अपने विचार देकर हमें अनुग्रहित किया। प्रसिद्ध चित्रकार डॉ. नंदलाल ठाकुर सह–आचार्य, दृष्य कला विभाग हि.प्र.वि.वि. शिमला, सफल चित्रकार सुरेश चौधरी तथा राष्ट्रीय फ़लक पर अपनी पहचान बना रहे चर्चित युवा चित्रकार, श्री मुकेश थापा ने आवरण पृष्ठ का चित्रांकन करके हमें बहुमूल्य सहयोग दिया है। राहुल से मिले स्नेह सहयोग का भी हमारे लिए बहुत मूल्य है। विशेष धन्यवाद इंडियन नेशनल ट्रस्ट फ़ार आर्ट एण्ड कल्चरल हैरिटेज, कांगड़ा के संयोजक श्री एल.एन. अग्रवाल तथा अन्य पदाधिकारियों का, जिनके सहयोग से लोकभाव स्वरांजली के बाद इसी का भाग दो प्रकाशित हो सका। संगीत के क्षेत्र में सार्थक कार्य कर रहे सफल गायक व संगीत प्राध्यापक डॉ. सतीश ठाकुर तथा सुप्रसिद्ध व चर्चित लोकगायक श्री करनैल राणा के प्रत्यक्ष व परोक्ष सहयोग के लिए भी हम धन्यवादी हैं। लोक गायन से जुड़े श्री सुनील राणा, वर्षा कटोच, मान सिंह, विक्रान्त भन्दराल, रिधि अत्री तथा रीता के योगदान को भी हम रेखांकित करना चाहेंगे।

सहृदयी महिला गायिकाओं तथा गायकों के हम ऋणी हैं। जिनसे हमें लोकगीतों की अमूल्य निधि अपने मूल स्वरूप में प्राप्त हुई :– स्वर्गीय श्रद्धेय श्रीमती रशिमा देवी, सर्वसम्मानीय श्रीमती लक्ष्मी चम्बियाल, सरला गुलेरिया, निर्मला गुलेरिया, इच्छेया मनकोटिया, वीना बड़ोत्तरा, विमला राणा, तृप्ता सिंह, रेखा सिंह, सोनी चम्बियाल, कृष्णा पठानिया, चंचला पठाणिया, निर्मला ढडवाल, आशा ढडवाल, सरिता ढडवाल, श्यामा ढडवाल, शशी ढडवाल, मथुरा देवी, आशा अग्रवाल, कांति सूद, इन्दु, लता सलारिया, सविता, वाश्ला, निशा, शिवानी, रीता, रीना, एकता, पूनम, राखी, मधु, बबली, शीतल, वन्दना तथा लोकगायन से सम्बद्ध प्रताप चन्द, होशियार सिंह, कुलदीप राणा, शशी गौतम, ब्रजेश, अरूण, संजय, रजत, आंचल, मनीष व शुभम के प्रति आभार।

प्रशस्य प्रयास का दूसरा पुष्प

पारम्परिक सामाजिक जीवन में लोक–संस्कृति पूर्ण रूपेण अनुस्यूत है। इस संस्कृति के अनेक पक्षों में लोक–गीतों का स्थान महत्त्वपूर्ण है। ये हमारे जीवन को प्राणवत् स्पन्दित करते हैं। कांगड़ा जनपद की लोक गीत परम्परा अतीव समृद्ध रही है। यह परम्परा विस्मृत या विकृत न हो, इस दृष्टि से इन गीतों को यथा–सम्भव अपने मूल–रूप में अक्षुण्ण बनाये रखने की आवश्यकता अनुभव की जाती रही है। कांगड़ा के अनेक प्रतिनिधि लोक–गीतों को संकलित करने, पहाड़ी भाषा तथा संस्कृति से अपेक्षाकृत अनभिज्ञ श्रोताओं, पाठकों की सुविधा हेतु उनके कथ्य का विश्लेषण–पूर्वक भावानुवाद प्रस्तुत करने तथा संगीत की दृष्टि से उनका स्वरांकन करने का भगीरथ प्रयास किया है लब्ध–प्रतिष्ठित कवयित्री चन्द्ररेखा ढडवाल तथा अपने विषय में निष्णात संगीतज्ञ जनमेजय गुलेरिया ने। इस प्रशस्य प्रयास का प्रथम पुष्प पहले आ चुका है; दूसरा पुष्प "लोकभाव स्वरांजली (भाग–दो)" के रूप में हमारे समक्ष है।

इस संकलन में समाविष्ट लोक–गीतों के ज्ञाताज्ञात रचयिताओं ने जीवन को उसकी समग्रता में देखा है, अकेले–अकेले व्यक्तियों के अन्तस् में भी झांका है और सामूहिकता को भी महसूसा है। हमारे जीवन की सर्वांगीणता तथा विविधता के साक्षी हैं, इस संकलन के लिए चयनित लोक–गीत। इनमें प्रणय भी है, परिणय भी; संयोग भी; वियोग भी; अनुराग भी; विराग भी और विवाहित जीवन के दुःख–सुख भी हैं। "बरखा री छम–छम" में प्रोषितपतिका के मन की टीस "पाणिए जो जाणा मेरेयां पैरा कण्डे चुभदे" आदि भावों में व्यक्त होती है। बलोचिस्तान गये युवक की घर पर बैठी पत्नी चिट्ठियां लिखती है कि आम पक गये हैं, परन्तु उसका साजन छुट्टी न मिल पाने के कारण घर नहीं आ सकता। वह पत्नी के कहने पर बहन के विवाह के लिये ढेर–सारी धन–राशि भेजता है और अपनी माता की मृत्यु पर शोक व्यक्त करता है। इनसे प्रोषितपतिका को सांत्वना नहीं मिलती है। वह तो पति के घर लौटने पर ही आनन्द उल्लास में निमग्न होती है। विरहानल द्वारा जनित वेदना का वर्णन "हरिये नी भरिये सब्ज खजूरे" शीर्षक गीत में युवती के मुख से इस प्रकार उद्गीर्ण होता है – "कंत जिन्हां दे सदा मुसाफर, नारां दे क्या हीले ओ"। इस गीत के इस बंद में ("राज बिन कोई राजा झूरे/बैद बिना कोई रोगी ओ/कन्त बिना कोई नार जे झूरै/तिन्हों फिरन बजोगी ओ") अर्थान्तरन्यास अलंकार की झलक मिलती है। "चिट्टी चिट्टी चादर" वाले गीत में ससुराल के निर्मम वातावरण की कल्पना है, परन्तु "कुथूआं ते आया मेरा रूणझुणुआं" गीत में घर के काम में हाथ बटाने वाले युवक तथा दोनों पत्नियों के सहयोग द्वारा निर्मित अनुकूल वातावरण का सुखद चित्रण है। उधर "डोला सब फुल्ल फुल्ले" में सन्तान के अभाव में व्यथित युवती का किसी और पत्नी से प्राप्त अपने पति की सन्तान का समाचार सुनकर भावुक होना कालिदास की इस मार्मिक सीख "कुरू प्रियसखीवृत्ति सपत्नीजने" की याद दिला जाता है। इन गीतों में नवोढ़ा के ससुराल के प्रति सन्देह–भाव, अहर्निश कातने–बुनने, बावड़ी से पानी लाने आदि कार्यों में सतत लगे रहना भी वर्णित है।

उधर "अलबेलुआ हो दगेबाजुआ हो" में श्रृंगार रस के संयोग तथा विप्रलम्भ दोनों पक्षों का युगपद् वर्णन है। इससे एक–दूसरे के प्रभाव में श्रीवृद्धि होती है। कोई–कोई गीत नीतिपरक भी हैं, यथा, सहजैं सहजैं हस्सणा"। ऐसे ही "जुगत जे करिए" में वतनां दी खातर मरना नीं लोड़ी/बतनां दी खातर जी दस्सिए" तथा "देसां दा बैर मटाई दस्सिए" जैसे उदात्त आदर्श अपनाने की शिक्षा है। "बसणा पहाड़ां दा" में "मनारे भोले इत्थू माणू जे बसदे" यह कहकर पर्वतवासियों की निश्छल, निरीह, सहज प्रकृति की ओर संक्षिप्त संकेत है। "पाणी पीणा हो" शीर्षक गीत में कांगड़ा घाटी के नैसर्गिक सौन्दर्य का वर्णन है तथा "छोटी सुरगाणी बड्डा डैम बणेयां" में दायित्व से भागने की बजाय दायित्व के प्रति जागने का सन्देश स्पष्ट है।

लोक–गीतों में कथ्य की अभिव्यक्ति को धार देने के लिये वक्रोक्ति, प्रतीक, लक्षणा, व्यंजना तथा अलंकारों का भी यथा स्थान प्रयोग किया गया है। "कुत्थु भला" में 'तितलियां' राजकुमारियों को तथा 'बणां दे मोर' अपर राज्य के राजकुमारों को प्रतीकित करते है। "सिल्लो बिल्लो सक्कियां भैणां" में छुआरे से 'साधारण युवक' अभिप्रेत हैं, "होरना पतणां इक्को इक बेड़ी" में नदी के संकट से निपटने के उत्कट उत्साह की ओर इंगित है क्योंकि मां–बाप, भाई–बहनों, सहेलियों को छोड़कर ससुराल जो जाना है। "नच्च मेरी घुंगरिये" में 'मेरे जूते, घघरा, चोला पुराने हैं' भाव इतना कहकर वक्रोक्ति द्वारा नवीन जूते, घघरा, चोला लाकर देने की फरमाइश है। "डोला सब फुल्ल फुल्ले" में "फुल्ल" खिलना, पंजाप (गुन्तर संस्कार हेतु लाया गया पांच तीर्थों का जल), कुशा, पुरोहित, नाई–सभी पुत्र–प्राप्ति के मंगल समाचार को प्रतीकित करते हैं। "मेरा मन नी लगदा कत्तणे/चरखे भन्नी देयां द्योरा" में प्रतीकों द्वारा बन्धनों से मुक्ति की अभिलाषा जताई गई है। "कैसा लगा गोरिए पहाड़ां दा बसणा" में तथा "कुक्कू बोलदा" (कुक्कू पक्षी की पुकार) उद्दीपन विभाव का भाव दर्शाता है।

हमारे लोक–गीतों में अनुप्रास, उपमा, रूपक, सन्देह, मानवीकरण आदि अलंकारों का भी प्रयोग हुआ है जो गीतों में चमत्कार, मधुरिमा आदि के कारण बनते हैं। उदाहरणतः "कुंजा जाई पईयां बरोट" में 'कलेसर' तथा 'बेसर' में अन्त्यानुप्रास है, "उआरे भी नाला पारे भी नाला" के 'उआरे' तथा 'पारे' में छेकानुप्रास द्रष्टव्य है। "उड़ी जायां", गीत में मानवीकरण स्पष्ट है। क्योंकि यहां मानव, मानवेतर जगत् से तादात्म्य स्थापित है। 'नच मेरी घुंगरिये' में एक प्रकार से पर्यायोक्ति अलंकार की झलक है।

कांगड़ा क्षेत्र के अवंतस–भूत बहत्तर लोक–गीतों को परिनिष्ठित तथा उपादेय रूप में प्रस्तुत करने का जो प्रयास जनमेजय गुलेरिया तथा चन्द्ररेखा ढडवाल ने किया है, उसके लिए वे अभिनन्दन के पात्र हैं। लोकगीतों का मौलिक स्वरूप, स्वरांकन तथा भाव–विश्लेषण एक साथ, एक पुस्तक में प्रस्तुत करना अत्यन्त सराहनीय हैं।

–के.सी. शर्मा

(आईएएस)

पूर्व निर्वाचन आयुक्त (हि.प्र.)

संस्कृति की आत्मा का संबोधन

(लेखकीय सुर, संगीत की लय)

लोक परंपराओं से आच्छादित शब्द और भाव से सराबोर अर्थ से अगर आने वाली पीढ़ियां रू–ब–रू होना चाहेंगी, तो यह संग्रह लोकभाव के संगम में नहाती हुई किसी चिड़िया की तरह सामने आकर शृंगार करता हुआ प्रतीत होगा। जैसे शोध की गंगा बहने लगी हो और स्वर के भाव में डूब कर किताब का हर पन्ना हमारे आसपास आकर भीग रहा हो। टूटती सामाजिक नाव पर, सांस्कृतिक जल प्लाव को लांघते दो साहित्यिक मांझी, जनमेजय सिंह गुलेरिया और चंद्ररेखा ढडवाल फिर समय के हमारे छोर पर आकर लोकभाव स्वरांजली (भाग–दो) की प्रस्तुति देते हैं, तो कांगड़ा के प्रणय, घटना जन्य, वर्णन प्रधान, झिंझोटी तथा पाक्षिक गीतों के भाव का विश्लेषण और स्वरांकन हम महसूस करते हैं। लगातार दूसरे प्रयास में भी लेखक द्वय ने मिट्टी से उपजी धुनों को वक्त के बहरे हो चुके कानों में कुछ इस तरह परोसा है कि हम खुद को प्रतिबिंबित होते देख सकते हैं। कितने ही घुंघरूओं की आवाज के बीच मैली चादर के आर पार झांकने की कोशिश पुरूष समाज की रही होगी, क्योंकि प्रश्नों से बिंधे गीत आज भी चीखते हैं, तो हजारों सन्नाटों के बीच भाव की बेड़ियां मुक्त होने का प्रयास करती हैं। राजे दिए बेड़िए, या बन्सरिए हो भैणे बड़ी ओ प्यारिये में पराई होती बेटी की भावनाओं की गहराई को छूने का अनूठा संकलन, उस अनाम लेखन को आदरांजलि पेश करता है, जो सदियों से हमारे आंगन की टोह लेता रहा या लोटता रहा।

ये गीत दरअसल सामाजिक पद्धति का ऐसा सांझा मंच एकत्रित करते हैं, जहां हम केवल दर्शक या श्रोता नहीं, रंगकर्मी की तरह बाकायदा जीवंतता महसूस कर सकते हैं। अनेक दृश्यों के बीच स्थापित परंपरा की पालकी उठाने की कसौटी की तरह, चंद्ररेखा ढडवाल व जनमेजय गुलेरिया निश्चित रूप से एक और पड़ाव पार करते हैं। संदर्भों के भीतर तक पाठक को खींचने की अद्‌भुत मिठास और अतीत के गौरव को जिंदा रखने के संकल्प के साथ लेखक द्वय कई युगों के लिए काम कर रहे हैं। हर गीत, अपनी पृष्ठभूमि में सामाजिक संरचना के पट खोलता है, तो अतीत के झरोखे

से निकल कर संगीतमयी परछाइयां हमारी अपनी हो जाती हैं। फिर हम अपनी नानी–दादी की कही हुई बातों में अपने अस्तित्व के चिन्ह ढूंढ लेते हैं। इन गीतों ने कितनी दिवालियां मनाईं, कितने वसंत देखे और न जाने कितने टूटते दिल, अंगड़ाइयां लेती खुशियां और बिखरते रिश्ते महसूस किए होंगे, इसलिए यह पुस्तक लेखकीय सुर और संगीत की लय में समाहित है।

गीतों के अंचल में सैनिक परिवारों के अंधेरों–उजालों के बीच, जलती हुई बाती की तरह औरत का विवरण अगर 'जे तू चलेया नेफा नौकरी' में मिलता है, तो प्रेम के अंगारों में तप कर भी सहजता को समाधि का भाव और कहां मिलेगा। प्रीत की पींगे टूट कर भी कैसे अटूट रहती हैं, इस भाव की परिणति को 'गल्लां होई बीतियां' की समग्रता में देखें, तो गायिकी के चिराग आज भी जल उठते हैं। यह पुस्तक नहीं, संस्कृति की आत्मा का संबोधन है, जहां दृश्य पटल पर ऋतुएं नाचती हैं, लोक जीवन रंग बरसाता है, मेले–त्योहार मुस्कराते हैं, तो रिश्ते–नाते किसी डोर से बंधे खींचे चले आते हैं और तब पाठक मन अपने भीतर के उल्लास, उमंगों, प्रेम, विरह, करूणा, सुख–दुख और सामाजिक सीमा का बोध करके अपने पिंजरों से बाहर निकलने की कोशिश करता है। सामाजिक परिदृश्य में इससे बेहतर भूमिका न चन्द्ररेखा ढडवाल निभा सकती थीं और न ही जनमेजय सिंह गुलेरिया गीतों के समुद्र को हमारे इतना करीब ला सकते थे।

–अनिल सोनी

मुख्य सम्पादक, दिव्य हिमाचल

मीडिया समूह

लोक संस्कृति की प्रासंगिकता को रेखांकित करता सार्थक योगदान

प्रो. चन्द्ररेखा ढडवाल तथा श्री जनमेजय सिंह गुलेरिया की सांझी लोक–लेखन श्रृंखला के अन्तर्गत, लोकभाव स्वरांजली (भाग–दो) पुस्तक में विविध भावों के गीत संकलित हैं। इनका भाव–विश्लेषण तथा स्वरांकन इस संग्रह में है। कांगड़ा क्षेत्र के वियोग, पाक्षिक, झिंझोटी व प्रणय गीतों की सप्तवर्णी छटा इसमें है। जो शब्द, अर्थवत्ता तथा सुर तीनों ही दृष्टियों से अद्‌भुत कार्य है। लोक गीतों के संकलन साधारणतया उपलब्ध हो जाते हैं। पर साथ में अर्थ व भाव गांभीर्य तथा स्वरांकन भी हो, ऐसा सामान्यतः नहीं होता। प्रो. चन्द्ररेखा ढडवाल ने कविता व कहानी के अतिरिक्त निबन्ध लेखन और विशेषतया लोक–संस्कृति विश्लेषण के क्षेत्र में भी सराहनीय कार्य किया है। वह कांगड़ा की भाव भूमि से गहराई तक जुड़ी हुई है सो उन्होंने गीतों का सामान्य अर्थ ही नहीं उनके भीतर छुपे मूल्यों को भी उद्‌घाटित किया है। उनकी प्रासंगिक व्याख्या करते हुए। गीत का भावार्थ यदि हो तो गायक गीत की भीतरी लय को पकड़ पाता है ...।

जनमेजय सिंह गुलेरिया को शैक्षणिक ही नहीं संगीतात्मक व साहित्यिक परिवेश भी अपने पिता से सहज ही प्राप्त हुआ। उनकी व्यक्तिगत योग्यता, प्रतिभा व निष्ठा से जिसमें निरन्तर वृद्धि हुई। मेधावी व समर्पित गुलेरिया ने अपने शिष्यों के प्रति अपने दायित्व को निभाते हुए उन्हें ऊंचाइयों तक पहुंचाया। संगीत विषय में निरन्तर अध्ययनरत जनमेजय ने इन गीतों के संगीतात्मक पहलुओं की सटीक व्याख्या की है ...। इन गीतों में ज्यादातर राग पीलू, बिहाग, भूपाली, यमन, पहाड़ी, झिंझोटी, देस, मालकौंस व भैरवी आदि रागों का प्रभाव परिलक्षित होता है। इन रागों का स्पर्श लोक गीतों के रस व माधुर्य में वृद्धि करता है। उन्हें व प्रो. चन्द्ररेखा ढडवाल को मेरी शुभकामनाएं। ईश्वर संगीतकार व साहित्यकार की सृजनात्मक प्रतिभा तथा सामर्थ्य में सदैव वृद्धि करे। ताकि लोक संस्कृति का क्षेत्र इनके योगदान से लाभान्वित हो सके।

–प्रो. (डॉ.) सौभाग्य वर्धन बृहस्पति

निदेशक, उत्तरी क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, पटियाला।

लोक संस्कृति का प्रकाश–स्तम्भ

लोकभाव स्वरांजली (भाग–दो) में काँगड़ा के प्रणय (संयोग–वियोग) पाक्षिक व घटनात्मक बहत्तर गीतों का भावानुवाद व समीक्षात्मक विश्लेषण प्रो. चन्द्ररेखा ढडवाल ने तथा गीत चयन व स्वरांकन श्री जनमेजय सिंह गुलेरिया ने किया है। प्रो. चन्द्ररेखा ढडवाल के आन्तरिक व्यक्तित्व में एक कवियत्री एवं कथाकार तो है ही, उनमें लोकसंस्कृति को शोधात्मक दृष्टि से विश्लेषण करने का भी आपार सामर्थ्य है। श्रीमती चन्द्ररेखा गीतों के वास्तविक स्वरूप तक पहुँचने में इसलिये भी सक्षम रहीं है क्योंकि वे ग्रामीण परिवेश से सम्बद्ध रही हैं एवं लोकगीत उन्हें घुट्टी के रूप में मिली हुई सम्पदा है। लोकगीत मुख्यतः स्त्री प्रधान होने के कारण ज्यादातर गीतों में स्त्री की पीड़ा को अभिव्यक्ति मिली है। नारी–मनोभावों को अत्यन्त सहजता व बारीकी से शब्दबद्ध करते हुये इनमें निहित मूल्यों तथा विद्रोह के स्वरों को प्रो. चन्द्ररेखा ढडवाल ने हार्दिकता से मुखर किया है।

समर्पित संगीतज्ञ, राज्य तथा राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान से विभूषित जनमेजय सिंह गुलेरिया की कला प्रतिभा एवं कर्तव्य निष्ठा को मैंने तब महसूस किया जब मेरे निर्देशन में उन्होंने संगीत चूड़ामणि (विद्यावारिधि) की उपाधि के लिए शोधकार्य किया था। इस संकलन में उन्होंने गीतों के संगीतात्मक पक्ष का राग, लक्षण, सिद्धान्त के आधार पर सूक्ष्म मूल्यांकन एवं विश्लेषण किया है। धीर–गंभीर व अति शालीन व्यक्तित्व के धनी जनमेजय गुलेरिया की अपने कार्य के प्रति अद्‌भुत निष्ठा है।

निसन्देह उक्त पुस्तक भावी शोधार्थियों के लिए महत्त्वपूर्ण साबित होगी। जिला कांगड़ा की सांस्कृतिक धरोहर को भविष्य में भी प्रासंगिक रखने के इस प्रयास के लिए मैं साहित्य व संगीत को समर्पित इन दोनों कला साधकों का ह्रदय से आभार व्यक्त करता हूँ तथा इन्हें साधूवाद देता हूँ। मेरा ऐसा विश्वास है कि यह संकलन कांगड़ा की लोक संस्कृति के आलोक को फैलाने में एक प्रकाश–स्तम्भ बनकर प्रज्जवलित रहेगा।

–प्रो. (डॉ.) राजेन्द्र सिंह गुरूंग
सेवानिवृत्त विभागाध्यक्ष संगीत संकाय
राजकीय महाविद्यालय, धर्मशाला

लोक संस्कृति को समर्पित सार्थक प्रयास

प्राकृतिक व सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण के लिए संकल्पबद्ध संस्था, राष्ट्रीय कला व संस्कृति धरोहर न्यास; की स्थापना सन 1984 में हुई। स्वर्गीय प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी की अध्यक्षता में निर्मित इस संस्थान का लक्ष्य देश की परम्परा व संस्कृति के संरक्षण–संवर्धन के प्रति कर्तव्य को समझना तथा दूसरों को समझाते हुए कार्यरत होना है। सामान्य जन को भारत की विविध रंगी संस्कृति से जोड़ना हैं। आज के समय में बाज़ारवाद के निरन्तर बढ़ते वर्चस्व तथा लोगों के व्यवसायिक होते जा रहे दृष्टिकोण के कारण हमारे मूल संस्कारों तथा परिवेश के प्रति उदासीन सा रवैया होता जा रहा है। इसी बाज़ार के प्रभाव से सामान्य जन को बचाने के लिए उसे अपने मूल से जोड़ना ज़रूरी है। अपने मूल अर्थात ऐतिहासिक व सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण में कांगड़ा चैप्टर, पिछले बारह वर्षों से प्रयासरत्त है। ... इस दृष्टि से लोकभाव स्वरांजली, जिसमें चौरासी जन्म गीतों का स्वरांकन तथा समीक्षात्मक भावार्थ किया गया था, बहुत महत्वपूर्ण प्रकाशन रहा। इस किताब को विद्वान लोगों के साथ–साथ ग्रामीण महिला गायिकाओं ने भी बहुत पसंद किया। इसी क्रम में अब प्रो. चन्द्ररेखा ढडवाल तथा श्री जनमेजय गुलेरिया ने लोकभाव स्वरांजली–भाग दो लिखी। इसमें विविध गीतों का स्वरांकन तथा विश्लेषण है। यह पुस्तक इस सांस्कृतिक धरोहर को भावी पीढ़ी तक पहुंचाने का कार्य करेगी। हमारे लोक गीतों में जो मूल्यगत अनुभव हैं; उन्हें सामने लाएगी। शोधार्थियों के लिए बहुत लाभप्रद होगी। परम्परा व संस्कृति के संरक्षण का लक्ष्य लेकर चल रही हमारी संस्था के लिए ये प्रकाशन अत्यन्त महत्वपूर्ण है। मैं, साहित्यकार प्रो. चन्द्ररेखा ढडवाल व संगीतकार श्री जनमेजय गुलेरिया के इस प्रयास के लिए हार्दिक बधाई देता हूं। हमारी संस्था उनकी आभारी है।

—लक्ष्मी नारायण अग्रवाल

संयोजक कांगड़ा चैपटर (इटैक)

धर्मशाला, जिला कांगड़ा

लोकगीत

विषय-सूची



जनमेजय सिंह गुलेरिया (राज्य एवं राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान)
पुत्र स्व. श्रीमती शकुन्तला गुलेरिया व
श्री देस राज गुलेरिया (सेवानिवृत्त प्राचार्य)

शिक्षा

एम.एस.सी., एम. फिल गणित, एम.ए. संगीत, बी.एड, (हि.प्र. वि.वि. शिमला)
संगीत विशारद, संगीत भास्कर, संगीत चूड़ामणि (स्वर्ण पदक) चण्डीगढ़
पी.एच.डी. संगीत (अध्ययनरत) पंजाब विश्वविद्यालय, चण्डीगढ़।

- ❖ शिक्षा व संगीत के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए शिक्षक दिवस पर 5 सितम्बर 2017 को देश के महामहिम राष्ट्रपति द्वारा राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से अलंकृत।
- ❖ शिक्षा व संगीत के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर प्रदेश की राज्यपाल द्वारा शिक्षक दिवस पर 5 सितम्बर, 2014 को सर्वश्रेष्ठ शिक्षक के रूप में सम्मानित।
- ❖ संस्कृति मन्त्रालय भारत सरकार द्वारा काँगड़ा के संस्कार गीतों के संगीतात्मक अध्ययन के लिए सीनियर फैलोशिप।
- ❖ संगीत नाटक अकादमी दिल्ली व संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रायोजित काँगड़ा लोक साहित्य परिषद नेरटी की तीन परियोजनाओं में संगीत निर्देशन व स्वरांकन।
- ❖ काँगड़ा के जन्मगीतों की गायन शैली के संगीतात्मक अध्ययन पर शोधप्रबन्ध।
- ❖ आकाशवाणी, दूरदर्शन व विभिन्न राज्यों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अनेक प्रस्तुतियां व निर्णायक की भूमिका।
- ❖ टी. सीरीज व के. एम. कंपनी के तीन पहाड़ी ऑडियो व वीडियो कैसटों में गायन व निर्देशन की भूमिका।
- ❖ संगीत विषय पर विश्व ध्यानाधार व कलाकुंज भारती राष्ट्रीय पत्रिका में आलेख प्रकाशित।

रचनाएं :– लोकभाव स्वरांजली (भाग–एक), लोकभाव स्वरांजली (भाग–दो)

सम्मान :– इंडोनेपाल समरसता अवार्ड, भारत ज्योति अवार्ड, राष्ट्रीय प्रतिभा अवार्ड, नेशनल अचीवर अवार्ड फार एजूकेशन एक्सलैंस, डॉ. एस. आर. कृष्णन सद्भावना अवार्ड, हिमालय अवार्ड फार एजूकेशन एक्सलैंस, अमर उजाला एक्सलैंस अवार्ड, अंर्तराष्ट्रीय कर्म श्री अवार्ड तथा विभिन्न स्वायत संस्थाओं द्वारा संगीत व शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित।

- ❖ वर्ष 2009 में लोक संगीत व शास्त्रीय संगीत के संवर्धन हेतु संगीताजली कला केन्द्र की स्थापना जिसके अंतर्गत लोक संगीत, झिंझोटी गायन के संगीतात्मक अध्ययन हेतु संस्कृति मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय प्रतिभा छात्रवृत्ति प्राप्त दो छात्रों का निर्देशन।
- ❖ बाईस वर्ष के अध्यापन काल में संगीत शिक्षा प्राप्त कर रहे छात्रों द्वारा जिला, राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर निरन्तर पुरस्कार प्राप्ति के सन्दर्भ में मुख्य प्रेरक व निर्देशक।

संप्रति – राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खन्यारा–खास में संगीत प्राध्यापक

गांव व डा. रक्कड़–सिद्धबाड़ी, धर्मशाला
मो. : 94180–65132, 98050–65132

ISBN: 978-81-931425-2-3

परोक्ष कथा (कथ्य विश्लेषण)

लोक संस्कृति के वाहक, लोकगीतों की खरी–सच्ची संवेदना तथा कर्णप्रिय धुन को सम्प्रेषित व संरक्षित करने की प्रेरणा इन गीतों के संवेद्य तथा माधुर्य ने दी ...।

कांगड़ा अंचल के जन्मगीतों का भाव–विश्लेषण तथा स्वरांकन, लोकभाव स्वरांजली शीर्षक के अन्तर्गत करने के बाद इसी शीर्षक के अन्तर्गत (भाग–दो) में इस जनपद के प्रणय (संयोग–वियोग) गीत, घटना जन्य वर्णन प्रधान गीत, पाक्षिक गीत, भावनात्मक तनाव से जन्मे त्रासद गीत, व्याख्यायित विश्लेषित व स्वरांकित करने का एक सांझा प्रयास जनमेजय गुलेरिया व मैंने किया है ...। जीवन के भव्य ही नहीं क्रूरतम सत्य भी अत्यन्त सहज भाव से अभिव्यक्त हुए हैं इनमें। इन गीतों में स्त्री चेतना मुखर है। भाव से ही स्पष्ट हो जाता है कि यह स्त्री स्वर है। ... समाज ने अधिकांशतः सौतेली मां को कटघरे में खड़ा किया है। एक गीत में स्त्री अपना पक्ष बेबाकी से सामने रख रही है – "सौकणी दे बच्चे भैणे अपणे नीं बणदे। कितणा भी लाड लडाई दस्सिए।" अर्थात सौतन के बच्चे अपने नहीं बनते। उनसे कितना भी प्यार कर लीजिए ...। मां नहीं बन पाती, स्त्री का दर्द बहुत मार्मिक ढंग से शब्द–बद्ध हुआ है। पुरूष प्रधान समाज के वर्चस्व ने एक सुनियोजित रीति–नीति के अन्तर्गत उसे सिखा दिया है कि उसका अपना स्वतत्र अस्तित्व नहीं है। स्त्री केवल वंश वेल वृद्धि की ही हेतु है। पुरूष को वंशज पाने के लिए पर स्त्री सम्बन्ध तक की स्वतंत्रता की पैरवी करते तथा बहु विवाह की प्रशंसा व सामंजस्य बिठा पाने के गुर सिखाते अनेक गीत हैं। लेकिन वे अन्ततः स्त्री की पीड़ा को सांकेतिक रूप में ही सही, दर्शाते जरूर हैं। जिससे लोक मानस विशेषतया स्त्री मानस की गढ़न व रूपाकार सामने आता है ...।

कबीर व मीरा का प्रभाव असाहित्यिक मन पर भी दिखता है। या कहें कि उन्हें बिना पढ़े भी, उनकी कविता का सनातन सत्य, अनाम रचनाकारों का सहज भाव बोध है। क्योंकि सत्य सार्वभौमिक है। ... 'जाणदी प्रीतां करी दुख भोगणा/भुल्ली नीं करदी मैं प्रीत' (यदि मैं जानती कि प्रेम कर के दुख

भोगना होगा तो भूल कर मैं प्रेम न करती) पंक्तिया, मीरा की ज़मीन पर ला खड़ा करती है – "जो मैं ऐसा जानती प्रीत किए दुःख होए/नगर ढिंढोरा पीटती प्रीत करे न कोए"। सूली ऊपर सेज पिया की किस विधि मिलना होए, की छाया इस गीत में देखी जा सकती है – उआरे भी नाला भाभी पारे भी नाला बिच बिच कुक्कुआं दा डेरा भाभी/कुक्कू कियां बोलदा।" इधर भी पानी से भरा गहरा नाला तो उधर भी। बीच में कुक्कुओं का डेरा (अस्थाई निवास) है। मिलना कैसे हो ? कबीर के इस दोहे की छाया तो एक से अधिक गीतों पर तैरती दिखती है – ऐसा कोई न मिलेया जाके रहिए लागि। सब जग जलता देखेया अपनी अपनी आगि ..."दुःखी ह्रदय को कोई सांत्वना नहीं देता। टूटे फूटे को सीने वाला दर्जी नहीं मिलता। सब अलगर्जी है। सभी अपने में खोए हुए तथा उदासीन हैं।"

कुछ गीत तीखे प्रश्न उठाते हैं। सोचने को विवश करते हैं। जैसे .... "राजे दिए बेड़िए या चिट्टी–चिट्टी चादर ..." कि क्यूं विवाह करके नए जीवन की कल्पना लिए ससुराल आई किशोर वय की लड़की जान दे देने का निर्णय कर लेती है ..." मन में द्वन्द्व भी उठता है। मां–बावा व भाई की स्मृतियां हैं। पति याद हैं। छोटी उम्र का बोध भी है। फिर भी जी नहीं पाती। कथात्मक गीत पढ़ते/सुनते हुए, बात निकलती है। कारण दिखते हैं। छोटी उम्र में शादी हो गई। मायके का लाड़–दुलार और खिलंदड़पन सब छूट गया। दूसरे घर में उस बच्ची से घर–गृहस्थी संभालने तथा धीर–गंभीर बने रहने की अपेक्षाएं हैं ...। एकरस उबाऊ दिनचर्या। साथी परदेस में। सास का व्यवहार रूखा–रूखा ...। अर्थात छोटी उम्र में शादी का निषेध भी इस गीत में है और पराए घर में युवती के साथ सामंजस्य व स्नेह बनाए रखने की ज़रूरत भी रेखांकित हुई है ...। स्त्री ने अपनी तकलीफ व उपेक्षा को समझा है व सामने रखा है ...। परचम उठा कर तथा ऊंचा–ऊंचा बोल कर विरोध प्रदर्शन भले न हो। स्त्री सुलभ धीमा लेकिन दृढ़ स्वर इन गीतों में मिलता है। मानों स्त्री ने अनाम रहते हुए अपनी वृत्ति व ज़रूरत के अनुकूल परिवेश गढ़ने का अभियान चला रखा है ...।

इन लोक गीतों में तीज त्योहार तथा विशेष रूप से 'मेले' वर्णित हुए हैं – मिंजरों का व नन्दपुर का मेला तो मानो जीवन शैली का ही हिस्सा हैं। देवर–भाभी के बीच के खट्टे–मीट्ठे संवाद बहुत आकर्षक हैं ...। कहीं देवर को

तो कहीं भाभी को परस्पर एक आकर्षण, एक दूसरे के प्रति खींचता है। यह समान उम्र तथा एक साथ बिता पाने को उपलब्ध समय का सामान्य सम्मोहन है। साथ–साथ काम करने, उपहार मांगने व देने तथा मेले में संग–संग जाने की ज़िद है ...। भिन्न समाज व समुदाय के स्त्री–पुरूष के प्रेम सम्बन्ध स्पष्ट करते हैं कि प्रेम, मन का वह सहज उद्वेग है जो किसी मर्यादा या बाधा को नहीं मानता। धर्म न जाति और न ही सामाजिक हैसियत, दो प्रेमी मनों के बीच अवरोध बन पाती है। भले ही जान दे देनी पड़े, परन्तु प्रेम नहीं छूटता। तथाकथित मान–मर्यादा तथा सामाजिकता से समझौता नहीं किया जाता। इस तरह के प्रेम गीतों के नायक तथा नायिकाएं प्रतीक बन गए हैं। ... नृत्य गीतों का बहुत महत्व है। उनकी लय, ताल व गति ऐसी है कि पांव अनायास थिरक उठते हैं। एक विशेषता यह है कि अधिकांश गीतों में पत्नी या प्रिया से नाचने की या साथ–साथ नाचने की मिन्नत व मनुहार है। जो प्रमाण है कि इस घाटी में स्त्री को समान भाव से देखते हुए, उसके स्वच्छन्द झूमने गाने का समर्थन है। अपनी खुशी व प्रतिभा की अभिव्यक्ति का अधिकार है। तथाकथित बौद्धिक समाज में भी ऐसे लोग मिलेंगे जो अपने घर की स्त्रियों का सार्वजनिक रूप से नाचना पसंद नहीं करते ...। यद्यपि मन के सहज उल्लास के प्रकटीकरण का सशक्त माध्यम नृत्य ही है ...।

संवाद शैली में लिखे गए लोक गीतों में नाटकीयता का पुट है। गीतों में हास्य व्यंग्य भाव भी है। मस्ती भरी चुहलबाज़ी तथा छेड़खानी, कहीं कहीं तीखी नोकझोंक जैसी प्रतीत होती है। गीत में बोलों के बहाने से मन में छुपी कई भावनाएं बेबाकी से सामने आ जाती हैं।

यद्यपि लोकगीत अनायास सृजन हैं। परन्तु इनमें सहज ही अलंकारिकता आ गई है। तुलना व उपमा तो सामान्य है। रूपक व उत्प्रेक्षा का भी प्रयोग हुआ है। मानवीकरण का प्रयोग बहुत है। कागा पर तो कितने ही गीतों में संदेशवाहक के चरित्र को रूपायित किया गया है। पेड़–पौधों व परिवेश पर भी मानवीय आत्मा रूपायित हुई है ...। यह प्रकृति से एकात्म होने की स्थिति है। पेड़ पौधों, पशु–पक्षियों, नदी–नालों, वन, पहाड़ व घाटी से लोक मानस का भावनात्मक रिश्ता है, वैचारिक नहीं ...। पर्यावरण की चिन्ता यहां सहज धर्म है। अतिकल्पना अर्थात फैंटेसी के प्रयोग से चीज़ों व स्थितियों को रहस्यमयी बना दिया गया है। मृत्यु बाद अपने साथ हो रहे

व्यवहार को देखना व उसका वर्णन करना, अरबी–फ़ारसी शायरी का प्रभाव कहा जा सकता है। शब्द की लक्षणा तथा व्यंजना शक्ति भरपूर इस्तेमाल हुई है। अपना मंतव्य लक्ष्यार्थ और व्यंग्यार्थ से ही साधने का प्रयास है। धड़ल्ले से, नहीं कहने का दावा करते हुए, कटाक्ष किए गए हैं ... "असां कुसी जो मंदा नहीं बोलणा। चन्दे दी चान्दनी चन्दे कनैं।" कुछ गीतों की पंक्तियां इतनी सारगर्भित तथा थोड़े शब्दों में इतना अधिक समेटे हुए हैं कि सूक्तियां प्रतीत होती हैं। सन्दर्भित गीत से अलग भी एक मूल्य देती हैं ...। जैसे, हरिए डालि़ए तूं कियां बड्डुणी, खौ़दल़ा पाणी पखला माणू डर लगदा, दिले दा रखणा दरेया, चला चलिए नी भैणों जुगत जे करिए/लड़ना–लड़ाणा मुकाई दस्सिए, मेरे पहाड़ा दियां चान्दी रंग सूरतां जी, उच्चियां–उच्चियां धारा जे बस्सणा/डुगेया–डुगेया डुबणा आदि। खौदल़ा पाणी पखला माणू डर लगदा। मेरेया पाणियां कुडाणियां फिरी कुडैं तूं, गीत में अत्यन्त सटीक तुलना है, खौदले़ पाणी (मटमैले पानी) तथा पखले माणू (अजनबी व्यक्ति) के बीच आन्तरिक संवेद्य को लेकर। दूसरी पंक्ति में यह गीत एक प्रार्थना हो जाती है – मेरेया पाणिया कुडाणियां (पानी जो धरती की सख्त परत बींध कर स्वता बाहर आता है) तू फिर से बाहर आ। यह पानी साफ–स्वच्छ तथा सहज उपलब्ध है। जीवन में इसी तरह के पारदर्शी व प्राकृतिक सम्बन्ध की अपेक्षा की गई है। जिस पर अपरिचय व प्रदूषण का कलुष न हो।

इस भाव–मूल्य, संवेदना व शब्द सौन्दर्य पर आने वाली पीढ़ियों का अधिकार है। जिसमें उन्हें जीवन दृष्टि खोजते हुए, जीवन पर अपनी पकड़ मजबूत करनी है। अपनी ज़मीन को अपना धरातल और अपने परिवेश को निज सम्बल बनाना है। इन लोक गीतों का भावार्थ व लक्ष्यार्थ लिखने के दौरान अत्यन्त निजि व अद्‌भुत अनुभूति हुई। लोक मानस के स्वता–स्फूर्त भाव जगत से गुज़रते हुए और उससे एकान्त साक्षात्कार करते हुए सहज, संवेग बालूकणों को खंगाला तो ऐसे भव्य, मणि–मुक्ता मिले कि मन–प्राण चुंधिया गए ...। यह आलोक पुंज भावी पीढ़ी के लिए ...।

– चन्द्ररेखा ढडवाल

जन्मगीतों का संगीतात्मक पक्ष

लोक संगीत, लोक मानस की सहज अभिव्यक्ति है। यद्यपि प्रत्येक हृदय भावनाओं से परिपूर्ण होता है। परन्तु कुछ ही स्वयं को प्रकट कर पाते हैं। वास्तव में लोकगीतों के अनाम रचनाकार तथा संगीतकार सृजनात्मक प्रतिभा के धनी थे। जीवन के सुख–दु:ख व संघर्ष पर उनके व्यक्तिगत विचार थे। जिन्हें उन्होंने गीतों का रूप दिया। ये रचनाकार अनाम रहकर भी समाज को बहुमूल्य सम्पदा दे गए। लोक संगीत का जन्म मानव के आन्तरिक आह्लाद, सामाजिक उत्सवों, रीति–रिवाजों, त्यौहारों एवं सामूहिक अनुष्ठानों द्वारा हुआ। यह सहज, स्वाभाविक तथा सादे रूप में भावों की अभिव्यक्ति है। प्राकृतिक संगीत ही लोक गीतों की परिभाषा है। लोक संगीत सहज ग्राह्य होने के कारण शीघ्रता से हर उम्र के व्यक्ति को अपनी ओर आकर्षित करता है। जीवन से जुड़ी हुई स्थितियां जब लोक गीतों के माध्यम से प्रकट होती है तो अनायास ही रसधार बरसती हैं। इसीलिए लोक संगीत मानव मात्र को सम्मोहित करता है। अलग–अलग अवसरों पर अलग–अलग गीत अपनी सरल स्वरावली और सरल शब्दावली के क्रारण मनुष्य की आत्मा से जुड़ जाते हैं।

आज के समय में हर चीज़ का व्यवसायिक इस्तेमाल हो रहा है। संगीत, साहित्य, लोक संगीत व लोक कलाओं पर बाज़ार प्रभावी है। ग्रामीण परिवेश से हूँ, इसलिए लोक संस्कृति व विशेषतया लोकगीतों से जुड़ा हुआ हूँ। उनका अछूता सौन्दर्य तथा मधुरता मुझे हमेशा से आकर्षित करती रही है। परन्तु जिस तरह लोक–गीत भुलाए जा रहे हैं। जिस तरह इनका मनमाना इस्तेमाल करके, मूलरूप को अनदेखा करते हुए तथा धुन को आकर्षक बनाने के प्रयत्न में मूल सुर के साथ खिलवाड़ हो रहा है। वह चिन्ता का विषय है। इसलिए प्रो. चन्द्ररेखा ढडवाल तथा मैं इनके मूल स्वरूप तथा स्वर सौन्दर्य को बचाए रखने के लिए संकल्पबद्ध हैं। हमारा विनम्र प्रयास रहेगा कि हम लोकभाव स्वरांजली शीर्षक के अन्तर्गत काँगड़ा अंचल के विविध लोंकगीतों पर कार्य करें। इस क्रम में 2015 में लोकभाव स्वरांजली का पहला भाग

प्रकाशित हुआ। जिसमें चौरासी जन्मगीतों का भावार्थ, विश्लेषण तथा स्वरांकन हुआ है। भाग दो में प्रणयगीत, घटना जन्य वर्णन प्रधान गीत, झिंझोटी व पाक्षिक गीत हैं ...। भावी पीढ़ी तक हमारी धरोहर पहुँचे, ताकि उन्हें गीतों के माधुर्य तथा भावमूल्य का ज्ञान हो। ये ज्ञान उन्हें अपनी ज़मीन से जोड़ेगा। अपने पूर्वजों की प्रतिभा तथा सोच से परिचित करवाएगा। उन्हें उड़ान भरनी है। आसमान तक पहुँचना है। परन्तु यह तब ही संभव है जब पैरों तले ठोस धरातल हो। उधार की सोच से भरी गई उड़ान, ऊंचाईयां नहीं देगी। लोकगीतों में गहरे अर्थ तथा मूल्य हैं। जनमानस का आत्मबोध तथा आत्मचिंतन है। जिसकी अंगुली पकड़ कर वे बेफिक्र दूर तक जा सकते हैं। इन लोकगीतों में समृद्ध संगीत है। शास्त्रीय संगीत के रहस्य भी छुपे हैं। सहज स्वरों में परिपक्व लय–सुर हैं।

इसी विषय में मेरे दादा गुरू, वाग्येकार आचार्य वृहस्पति जी ने क़हा है कि, "हमारी वाणी के उतार–चढ़ाव के परिणामस्वरूप, संगीत के सात स्वरों और तीन सप्तकों का विकास हुआ। इसी कारण हमारी चेष्टाओं और प्रयुक्त शब्दों की गति में विविधता आई।"

लोक गीत सरल धुनों में होते हैं। अधिकतर ये गीत स्वर प्रधान नहीं बल्कि लय प्रधान होते हैं। कुछ धुने समान होते हुए भी लय तथा भाव के कारण भिन्न–भिन्न प्रतीत होती हैं। गीतों में टेक पुनरावृत्ति बहुत मनोरंजक होती है। जुगलबंदी भी रहती है तथा गायन विस्तार का भी पर्याप्त अवसर रहता है। लोक गीत समाज का सच्चा चित्र प्रस्तुत करते हैं। इनमें भाव पक्ष की प्रधानता अधिक रहती है और इनका क्षेत्र भी इतना विशाल होता है कि किसी भी सरल व सुमधुर धुन को आत्मसात कर लेता है। लोक संगीत का वातावरण उमंग व तन्मयता में लिप्त होता है। इसलिए यह मर्म को स्पर्श कर हृदय तंत्री को झंकृत करता है। संकलित लोकगीतों में अधिकतर, भूपाली, पहाड़ी, पीलू, मालकौंस, जोग, विहाग, देस, देशकार, झिंझोटी, यमन, खमाज़, काफी, तिलक कामोद, वृन्दावनी सारंग तथा भैरवी आदि रागों के समकक्ष स्वर मिले हैं। कई गीतों में संगीत पक्ष को उभारने में लोकगायक,

शास्त्रीय संगीत के सुर व ताल से अनभिज्ञ होते हुए भी स्वाभाविक रूप से कण, मीण्ड, मुर्की व अलंकरणों का प्रयोग कर लेते हैं। लोकगीतों में प्रायः सरलता का भाव निहित होता है व ज्यादातर लोकगीत स्थाई भाव में रचित हैं। लोकगीत स्वर की अपेक्षा लय प्रधान अधिक होते हैं। लोक संगीत शास्त्रीय संगीत के नियमों से दूर मन की सहज स्वतः स्फूर्त अभिव्यक्ति है। शास्त्रीय संगीत के नियमों के आधार पर विश्लेषणात्मक अध्ययन किए बिना इन गीतों का संगीतात्मक पक्ष दिखना सम्भव भी नहीं है। क्योंकि पृष्ठभूमि में अपनी अनगढ़ता में ही सही, शास्त्रीय संगीत लोकसंगीत में विद्यमान है। इसलिए संगीतात्मक विश्लेषण के लिए मुख्य तत्वों के आधार पर इन लोकगीतों का स्वरांकन किया गया है। क्योंकि गीतों का तब तक कोई अर्थ नहीं रह जाता जब तक कि इनकी ध्वनियों को स्वरलिपियों में न बांधा जाए। ऐसी स्थिति में ही इस संगीतात्मक परम्परा का निर्वहन सम्भव है।

लगभग सभी लोकगीतों में दीपचन्दी (स्थानीय भाषा में चांचर के नाम से जाना जाता है) कहरवा व खेमटा में लयबद्ध है। चौदह मात्रा में रचित गीतों को लम्बी भाख के रूप में गाने का प्रचलन है। इन गीतों में ठहराव मौलिकता, माधुर्य, सरलता, करूणा व आनन्द की अनुभूति तथा हृदयस्पर्शिता है। खेमटा व कहरवा की बारह व आठ मात्रा वाले गीतों में हर्ष, कर्णप्रियता, उल्लास व श्रृंगार रस की प्रधानता अधिक है। कई गीतों में एक समान स्वर, थाट, राग तथा जाति होने पर भी स्वर विशेष पर ठहराव, न्यास के स्वर, स्वर संगीत, कण, खटका, मींड, मुर्की आदि अलंकरणों के कारण एक दूसरे से अलग मधुरता विद्यमान है। ये स्वर रचनाएं राग, रस के सिद्धान्त के आधार पर रचित ना होने पर भी गीत के भाव, समय अथवा अवसर की दृष्टि से पूर्ण तथा स्टीक नज़र आती हैं।

इन लोक गीतों के प्रचार–प्रसार में त्यौहार, मेले व उत्सव संबंधी सांस्कृतिक आयोजन बहुत महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। आकाशवाणी, दूरदर्शन, गीत एलबम इत्यादि की भी इन लोक गीतों के प्रचार–प्रसार में अहम भूमिका रही है। मुझे प्रसन्नता है कि इन सारे माध्यमों से लोक गीत परम्परा के

निर्वहन के पर्याप्त अवसर मुझे भी मिले हैं और उन्हीं से इच्छा जगी कि इनके मौलिक स्वरूप को रखते हुए इनका प्रालेखन किया जाए। अधिकांश लोकगीत लोकगायकों द्वारा गाए गए हैं। जो कैसेट, सीडी, डीवीडी, इन्टरनेट व यू–टयूब में उपलब्ध हैं, उनको भी सुना। परन्तु गीतों के मूल रूप–स्वरूप तक पहुँचने के लिए गाँव–गाँव जाकर गायिकाओं से मिले। थोड़ी–थोड़ी भिन्नता लगी परन्तु प्रयत्न करके एक सामान्य शब्दावली तक पहुँचने के लिए वयोवृद्ध महिलाओं से भी मिलकर बहुत कुछ सीखा व जाना। उन सभी के प्रति हम कृतज्ञ रहेंगे।

स्वर्गीय माँ श्रीमती शकुन्तला गुलेरिया जी की स्मृतियां सदैव मेरी प्रेरक रही हैं, उन्हें मेरा नमन। पिताजी देसराज गुलेरिया के आशीर्वाद से ही मैं लोक संस्कृति के क्षेत्र में कार्य कर पा रहा हूं। मेरी पत्नी निशा गुलेरिया मेरे पल–पल के संघर्ष और सुख की साक्षी हैं। मुझे प्रो. चन्द्ररेखा ढडवाल के साथ कार्य करते हुए बहुत सुखद अनुभव हुए है। मैं उनका और प्रो. प्रकाश ढडवाल का ऋणी हूँ।

जनमेजय गुलेरिया

1. डुग्गी-डुग्गी नदियाँ

डुग्गी-डुग्गी नदियाँ बड़ी तेज धारां हो
हो अड़ेया पतणा देया तारूआ
कि बेड़ी मेरी पार लाई दे .....

नदियाँ कनारे बैठी छैल़ छबिलिये हो
हो अड़िये बाँकियें नारे
तू छम-छम कजो रोई हो .....

कजो हसदा अड़ेया, पतणा देया तारूआ
हो अड़ेया मना देया मारूआ
कि याद मिंजो तेरी आई हो

कजो रूसदी अड़िये दुखां दिये मारिये
हो अड़िये गमां दिये मारिये
कि याद तिज्जो कुदी आई हो .....

निक्के-निक्के फँगडु उच्चियाँ उडारां हो
हो मेरेया बाँकेया सज्जणा
दूर परदेसां जाणा हो .....

भावार्थ :— यह गीत प्रेम गीत है। इसमें युवती प्रेमिका द्वारा प्रेम निवेदन है। वह घर से निकल कर पत्तण (नदी का वह स्थान जहां उसे पार करने के लिए नाव या बेड़ी होती है) पर पहुंच कर प्रिय को कहती है – नदी गहरी है और धारा बहुत तेज है। पत्तण के तारू (जो तैर कर नदी पार करने में सक्षम हो) मेरी नौका को पार लगा दो। वह कहता है – नदी किनारे बैठी छैल छबीली सुन्दर नार (स्त्री) तू छम–छम कर के क्यों रो रही है। दुखों की मारी और सताई हुई तू किससे रूठ कर आई है। तुझे किसकी याद आ रही है। वह कहती है – तू क्यूं हंसी कर रहा है। मेरे मन को जीत लेने वाले मुझे तेरी ही याद आई है। मेरे मन के नज़दीकी और मुझे लुभाने वाले, तेरी प्रीत मुझे यहां ले आई है। मेरे पंख छोटे–छोटे हैं। परन्तु उड़ान ऊंची है। मेरे सुन्दर सजन, तेरे साथ परदेस जाकर रहना है। इस गीत में दार्शनिक अर्थ या अभिप्राय भी है। संसारिक दुःखों अर्थात माया में जकड़ी चेतना मुक्ति की

स्वर लिपी :-

×			२				0			३			
–	–	–	–	–	–	–	ध़	ध़-	–	सा	रे-	म	–
ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	डु	गी	ऽ	डु	गी	ऽ	ऽ
रे	म	–	सा	–	–	–	ध़	–	–	सा	–	–	–
न	दि	ऽ	याँ	ऽ	ऽ	ऽ	ब	ड़ी	ऽ	ते	ऽ	ऽ	ज
रे	म	–	प	ध	–	–	प	–	–	–	–	–	–
धा	ऽ	ऽ	रां	ऽ	ऽ	ऽ	हो	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ
ध	प	म	–	–	–	–	–	–	म	म	प	ध	–
ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	हो	अ	ड़े	या	ऽ
प	प	–	ध	–	प	म	म	म	म	प	म	ग	रे
प	त	ऽ	णा	ऽ	दे	या	ता	रू	ऽ	आ	ऽ	ऽ	ऽ
रे	–	–	सा	–	–	–	–	–	सा	सा	रे	म	प
ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	कि	बे	ड़ी	मे	री
प	ध	–	प	–	म	–	म	–	–	–	–	–	–
पा	र	ऽ	ला	ऽ	ई	ऽ	दे	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ

प्रस्तुत गीत में स्थाई है। गीत की अन्य पंक्तियां भी इन्हीं स्वरों पर गाई जाएंगी।

प्रबल कामना लिए खेवट यानि ईश्वर से इस जीवन रूपी नदिया को पार करवाने की प्रार्थना कर रही है। जागरूक हुई चेतना को ईश्वरीय सत्ता ने मानों आमंत्रित किया है।

2. संझा पेईयां

पंझा पेइयां दिन घर गेया दीपक मंगदा नी नुए तेल वे
काहे दा बणेया नीं सस्सू दीपक काहे दा हुन्दा नीं सस्सू तेल वे
मिट्टिया दा बणेया नीं नुए दीपक सरूआं दा हुन्दा नीं नुए तेल वे
सैह कियां रैहन्दिया माइयां जिन्हा दे पुत्त परदेस वे
मुंहे नैं अन्न नीं लान्दियां रैहन्दियां निरमल पेट वे
संझा पेइयां दिन घर गेया दीपक मंगदा नी नुए तेल वे
सैह कियां रैहन्दिया भैनड़ा जिन्हा दे बीर परदेस वे
किल्लयां जांदिया सौवरे मुड़ मुड़ दिखण प्योकियां देस वे
पंझा पेइयां दिन घर गेया दीपक मंगदा नी नुए तेल वे
सैह कियां रैहन्दिया नारियां जिन्हा दे कंत परदेस वे
सिरे नीं लांदियां कांघियां गल़ बिच रूल़दे काल़े केस वे
संझा पेइयां दिन घर गेया दीपक मंगदा नी नुए तेल वे

भावार्थ :— इस गीत को 'संझकड़ा', अर्थात संध्या समय, गाया जाने वाला गीत कहा जाता है। इस गीत में युवा पत्नी, अपने वियोग का वर्णन करती है। अपने दुःख को महसूस करती हुई वह अपने पति की मां व उसकी बहन का दुःख भी समझना चाह रही है। गीत संवाद शैली में है। सास तथा बहू की बतकही है। सास कहती है कि सांझ हो गई। दिन अपने घर चला गया। (इसी प्रसंग से, पिया का घर पर नहीं होना, दुःख दे जाता है।) बहू, दीपक तेल मांग रहा है। बात बढ़ाती हुई बहू पूछती है कि सासू मां, दीपक किस चीज से बनता है और तेल काहे का होता है ? उत्तर मिलता है कि बहू दीपक मिट्टी की होता है और तेल सरसों के बीजों से बनता है। फिर बहू अपने दर्द को मानो मां के दर्द पर रूपायित करती हुई पूछती है कि वे माएं कैसे रहती हैं जिनके बेटे परदेस में चले जाते हैं। सास अपना हाल बताती है जैसे . . मुंह में अन्न का दाना नहीं डालती और खाली पेट रहती हैं। ... वे बहनें कैसे रहती हैं, जिनके भाई घर में नहीं होते। ये बहनें अकेली ससुराल जाती

स्वर लिपी :-

×		0		×		0	
--	--	--	--	--	पध़्	ध़सा	सा-
ऽऽ	ऽऽ	ऽऽ	ऽऽ	ऽऽ	संऽ	झाऽ	पेइ
सारे	गरे	रेसा	-सा	--	सारे	रेसा	रे
यांऽ	ऽऽ	दिऽ	ऽन	ऽऽ	घऽ	रऽ	गे
ध़-	--	--	--	--	पध़्	ध़सा	सा-
याऽ	ऽऽ	ऽऽ	ऽऽ	ऽऽ	दीऽ	पऽ	कऽ
सारे	गरे	रेसा	सा-	--	सारे	गसा	--
मंग	दानी	नुऽ	एंऽ	ऽऽ	तेऽ	ऽल	ऽऽ
रे-	सा-	--	--	--	--	--	--
वेऽ	ऽऽ	ऽऽ	ऽऽ	ऽऽ	ऽऽ	ऽऽ	ऽऽ

प्रस्तुत गीत में स्थाई है। गीत की अन्य पंक्तियां भी इन्हीं स्वरों पर गाई जाएगी।

हैं और मुड़–मुड़ कर मां–बाबा के देस की ओर देखती हैं। फिर अपनी पीड़ा पर अंगुली धरती है। वे नारियां कैसे रहती हैं जिनके कंत (पति) परदेस में होते हैं। सास कहती है कि वे बाल नहीं बनाती। काले केश गले में फैलते है ... अर्थात वे श्रृंगार नहीं करती। यह गीत भाव की दृष्टि से जितना उदास है। उससे ज्यादा इसकी धुन उदासी भरी है।

3. ठण्डी-ठण्डी हवा झुलदी

ठण्डी-ठण्डी हवा झुलदी झुलदे चीलां दे डालू
जीणा काँगड़े दा, जीणा काँगड़े दा
धण गदियाँ दे धारा चुगदे, सैला खबलू फुलणुआं चुगदे
गद्दी दिक्खी दिक्खी हसदा, ओ बांका सजेया गद्दणी बालू
जीणा कांगड़े दा, जीणा काँगड़े दा
खाणे जो मिलदा भत भटूरू, उच्ची धारां ते पौण छरूडू
रिड़िया-रिड़िया डंगरे चारदे, गीतां गान्दे पेई ग्वालू
जीणा कांगड़े दा, जीणा काँगड़े दा
मर्द घराँ दे बाह्‌र कमान्दे, छणकदे हथडु मधाणियाँ घुमाँदे
गद्दी दिक्खी दिक्खी हसदा, ओ बांका सजेया गद्दणी बालू
जीणा कांगड़े दा, जीणा काँगड़े दा।

भावार्थ :— कांगड़ा की मिट्टी की पहचान करवाता यहां के मूल निवासी, गद्दी जाति की जीवन शैली को अभिव्यक्त करता यह गीत अत्यन्त चर्चित व मनमोहक है। ... ठण्डी–ठण्डी हवा झूलती है। जिसमें चील (चीड़) के पेड़ों के डालू (छोटी–छोटी डालियां) लहराती हैं। इस हवा और जलवायु अर्थात कांगड़ा में जीना ही वास्तविक जीना है। बहुत सुखद परिवेश है। गद्दियों के धण (भेड़–बकरियों का समूह) पहाड़ पर हरी–भरी दूब चुगते है। रिड़ियों (छोटी ऊंचाई की पहाड़ियां) पर गद्दी पशु चराते हैं। ग्वालू (ग्वाले) मोहक गीत गाते घूमते हैं। .... घर के मर्द बाहर रोज़गार के लिए जाते हैं। (यहां का मुख्य व्यवसाय सेना ही रहा है) तो घरों में छणकदे हाथ (चूड़ियां पहने, संगीत ध्वनी छोड़ते हाथ) मधाणी घुमाते हैं। अर्थात मक्खन निकालते हैं। ... घर आया परदेसी पिया गद्दी देख–देख कर हंसता है और प्रशंसा में कहता है कि गद्दणी, तुझे बालू (नथ) बांका (सुन्दर) सज रहा है। कांगड़ा में बसना बहुत सौभाग्यशाली है। यहां का प्राकृतिक परिवेश तथा लोग, सब बहुत अच्छा है।

स्वर लिपी :-

×		0		×		0	
–	–	–	–	–	–	सा	-सा
ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ठ	ण्डी
सा	-रे	म	म	मप	पध	धध	धप
ठ	ण्डी	ह	वा	झुल	दीऽ	झुल	ऽदे
प	ध	प	मग	रे	–	रे-	प
ची	लां	दे	डाऽ	ल्लू	ऽ	जीऽ	णा
ध	प	म	म	म	–	--	धध
कां	ग	ड़े	ऽ	दा	ऽ	ऽऽ	धण
सां-	सां-	रें-	--	सां-	ध-	--	धप
गऽ	दिऽ	याऽ	ऽऽ	देऽ	ऽऽ	ऽऽ	धाऽ
-ध	सां-	सांध	प-	म-	--	--	धप
ऽरा	ऽऽ	चुऽ	गुऽ	देऽ	ऽऽ	ऽऽ	सैऽ
सां-	--	रें-	रें-	सां-	ध-	--	पप
लाऽ	ऽऽ	खऽ	बऽ	लूऽ	ऽऽ	ऽऽ	फुल
ध-	सां-	ध-	पम	म-	--	--	--
णुऽ	आंऽ	चुऽ	ऽग	देऽ	ऽऽ	ऽऽ	ऽऽ
सा-	सा-	सारे	म-	म-	म-	मप	पम
गऽ	दुदीऽ	दिऽ	क्खीऽ	दिऽ	क्खीऽ	हस	दाऽ
ध-	-ध	पप	ध-	पम	म-	रे-	-रे
बांऽ	ऽका	सजे	याऽ	गद	णीऽ	बाऽ	ऽलू
रे-	-प	पध	म-	म-	--	म-	--
जीऽ	ऽणा	काँऽ	गऽ	ड़ेऽ	ऽऽ	दाऽ	ऽऽ

प्रस्तुत गीत में स्थाई है। गीत की अन्य पंक्तियां भी इन्हीं स्वरों पर गाई जाएंगी।

4. बन्सरिये हो भ्हैणे बड़ी ओ प्यारिये

ब्नसरिये हो भ्हैणे बड़ी ओ प्यारिये

चल बिंदरावण जाई बस्सिए

सौकणी दे बच्चे ओ भैणे अपणे नी बणदे

जितणा भी लाड़ लड़ाई दस्सिए

बन्सरिये हो भ्हैणे बड़ी ओ प्यारिये .....

चिड़ियां दे बच्चे ओ भैणें अपणे नी वणदे

जितणी भी चोग चुगाई दस्सिए

बन्सरिये हो भ्हैणे बड़ी ओ प्यारिये .....

सर्पां दे बच्चे ओ भैणें अपणे नी वणंदे

जितणा भी दुद्ध प्याई दस्सिए

बन्सरिये हो भ्हैणे बड़ी ओ प्यारिये .....

ावार्थ :— यह गीत जीवन के इस सच्च को रेखांकित करता है कि जो त्री अपनी कोख से बच्चे को जन्म नहीं दे पाती उसे मां होने का गौरव और मत्व नहीं मिल पाता। इस भाव को और मन के दुःख को व्यक्त करते इए ीत में स्त्री बांसुरी के माध्यम से स्वयं को ही सम्बोधित करते कहती है कि हन वांसुरी, चल वृन्दावन जाकर बसें। समाज के उलाहनों व कटुताओं से चने के लिए प्रभु शरण में जाने की इच्छा है। कटु परन्तु सनातन सत्य पर ंगुली धरते वह कहती है कि चिड़िया के बच्चे अपने नहीं बनते, उन्हें कितनी ी चोग (दाना) खिला ले। अन्ततः उड़ जाते हैं। सांप के बच्चों को भी जतना चाहे दूध पिला लीजिए। वे आपके नहीं बनेंगे। ये उदाहरण देने से र्व वह कहती है कि सौतन के बच्चे अपने नहीं बनते। जितना भी लाड़ जता ीजिए। अर्थात जो जिसका स्वभाव हैवो वैसा ही रहेगा। हर कोई अपने मूल वरूप में निवास करता है।

स्वर लिपी :-

×			२				0			३			
–	–	–	–	–	–	–	सा	म	–	म	–	ध	प
ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ब	न	ऽ	स	ऽ	रि	ऽ
म	ध	प	म	ग	ग	–	म	प	म	म	म	निप	म
ये	ओ	ऽ	भै	ऽ	णे	ऽ	ब	ड़ी	ऽ	ओ	ऽ	ऽऽ	च
ग	ग	–	सा	–	सा	नि	सा	ग	–	म	–	म	ध
या	रि	ऽ	ये	ऽ	ऽ	ऽ	च	ल	ऽ	बिं	ऽ	द	ऽ
प	–	म	म	ग	ग	–	ग	म	–	प	–	म–	ग
रा	ऽ	ऽ	व	ऽ	ण	ऽ	जा	ई	ऽ	ब	ऽ	स्सि	ऽ
म	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–
ए	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ

प्रस्तुत गीत में स्थाई व अन्तरा है। गीत की अन्य पंक्तियां भी इन्हीं स्वरावलियां पर गाई जाएंगी।

5. चिट्टी चिट्टी चादर

चिट्टी चिट्टी चादर जी मच्छी कण्डे सीती ऐ
कुन्ही चादर दित्ती है जी कुन्ही चादर सीती ऐ
कुन्ही इस पर डोल़ेया जी इत्र फुलेल वे
बाबैं चादर दित्ती है जी अम्मा चादर सीती ऐ
बीरें मेरे डोल़ेया जी इत्र फुलेल वे

पूणी भी नीं मुकदी जी तन्द भी नीं टुटदी
सस्स भी नीं बोलदी नुंए पाणिए जो जाणा ऐ
पूणी भी मुकी गेई जो तन्द भी टुटी गेई
सस्सू नैं भी बोली दित्ता नुंए पाणिए जो जाणा ऐ

डुब्ब-डुब घड़ोलुआ जी सिरे देया बैरिया
साजन मेरे निहाल़दे जी नदिया दे पार वे
इक मन बोलदा जी नदिया मैं डुबी मरां
दुआ मन बोलदा जी बाल़्लड़ी बरेस वे

इक बख खाई लेया जी जले दियां जलकियां
दुआ बख रहि गेया जी सप्पड़े दे हेठ वे
अम्मा मेरी रोवंदी जी बाबा मेरे झूरदे
बीर मेरे तोपदे जी नदिया चभेर वे

भावार्थ :— अत्यन्त प्राचीन यह गीत, पिछले कई दशकों से लोगों तथा लोक गायकों की ज़ुबान पर है। यह गीत दो एकदम अलग धुनों में गाया गया है ... पुरानी धुन में गाया जाने वाला यह गीत चिट्टी—चिट्टी चादर ..... से आरम्भ होता है। बहुत त्रासद शब्दावली है। वास्तव में यह मायका छोड़ कर ससुराल पहुंची, कच्ची उम्र की व्यथा कथा है। यहां मां—बाप से दूर, मायके से मिली भेंट के माध्यम से घर को याद कर रही है। ... सफेद रंग की चादर पर मच्छी कण्डे (चार खाने की कढ़ाई) से कसीदाकारी हुई है। कल्पनाओं में खोई युवती स्वयं से ही पूछ रही है कि यह चादर किसने दी है ? किसने इस पर कढ़ाई की है और किसने इत्र—फुलेल छिड़का है ? फिर कहती है कि पिता ने चादर दी, मां ने कड़ाई की और भाई ने इत्र छिड़का ...। इसके बाद ससुराल का परिवेश है ...। अकेली बैठी चर्खा कात रही है न तो पूनी खत्म हो रही है और न ही तन्द (धागा) टूट रही है। सास भी नहीं कह रही कि पानी लाने जाना है ...। पूनी बन जाती है। तन्द भी टूट जाती है। सास भी कह देती है कि बहू पानी लाने जाओ ...। इसके बाद बैचेन मन की अतिकल्पना है कि पति नदी के पार उसकी प्रतीक्षा में है। परन्तु वहां तो

स्वर लिपी :-

×		0		×		0	
ध़	–ध़	रे	–रे	सा	ध़	–	रे
चि	ट्टी	चि	ट्टी	चा	ऽ	ऽ	द
रे	–	–	गरे	रे	सा	रे	ग
ए	ऽ	ऽ	जी	म	च्छी	कं	डे
रे	–	–	सा	ध़	–	–	–
सी	ऽ	ऽ	ती	ऐ	ऽ	ऽ	ऽ
ध़	ध़	रे	रे–	सा	ध़	–	रे
कु	न्ही	चा	दर	दि	ऽ	ऽ	ती
रे	–	–	गरे	रे	सा	रे	ग–
ए	ऽ	ऽ	जी	कु	न्ही	चा	दर
रे	–	–	सा	सा	–	–	–
सी	ऽ	ऽ	ती	ऐ	ऽ	ऽ	ऽ

प्रस्तुत गीत में स्थाई है। गीत की अन्य पंक्तियां भी इन्हीं स्वरों पर गाई जाएंगी।

कोई भी नहीं है ... कोमल मन दबाब नहीं सह पाता। वह सोचती है कि जान दे दे। इस पर भी दुविधा होती है कि छोटी उम्र है। अन्ततः आत्मघाती प्रवृत्ति हावी हो जाती है। मृत्युपर्यन्त कल्पना में वह देख रही है कि उसके तन का एक हिस्सा जल की जलकियों (मछलियों) ने खा लिया और दूसरा सप्पड़ (रपटीला बड़ा पत्थर) के नीचे रह गया। अर्थात उसके नहीं रहने का प्रमाण तक नहीं मिला ... मां रोती है तो पिता झूरते (अफसोस व पश्चाताप से त्रस्त) है। भाई नदी के चारों ओर बहन को ढूण्ढते हैं ...। छोटी उम्र में हुई शादी, शरीर ही नहीं मन के स्तर पर भी भारी बैठती है। खेलने–कूदने की उम्र में लाडली बेटी, नए माहौल में आ जाती है। जहां उससे कुछ अलग तरह की अपेक्षाएं हैं। घर–गृहस्थी चलाने के लिए उसे गढ़ने पर ज़ोर दिया जाता है ... पति भी नौकरी के लिए बाहर है। मायके का लाड़ और ससुराल का परायापन उसे उदास व तनाव–त्रस्त बना देता है। ... बेटी का दर्द बरसों पहले लोक–संस्कृति का सरोकार रहा है।

6. राजे दीये बेड़िये

राजे दीये बेड़िये नी सौकणी तू मेरिये,
तेरे पर डुल़ी हो रिहा मियां जसरोटिया
चिट्‌टी चिट्‌टी चादर हो मच्छी कण्डे सीतीऐ,
तेरे पर डुली हो रिहा मियां जसरोटिया
कुन्हीं चादर दितीऐ कुन्हीं चादर सीतीऐ,
कुण लेई आया बडड़ा प्यार ऐ
अम्मा चादर दीत्तिऐ, भाबो चादर सीतीऐ,
भाई लई आया बडड़ा प्यार ऐ
पूणी नी ओ मुकदी तन्द नी ओ टुटदी,
सस्स नी ओ बोलदी पाणियें जो जाणा ऐ
डुब्ब बो घड़ोलुआ सरे देया बैरिया,
सज्जण निहाल़दे निम्बुआं दे बाग ऐ
इकमन बोलदा नदिया मैं डुब्बी मरां, दुआमन बोलदा बालड़ी बरेस ऐ,
इक बक्ख खाई लेया जलें दियां जलकिया,
दुआ बक्ख फस्सी रेया सपड़े दे हेठ ऐ
अम्मा स्हाढ़ी रोन्दी ऐ बापू स्हाढ़ा झूरदा,
भाई स्हांजो तोपदा नदिया दे फेरां ऐ

भावार्थ :— चिट्टी–चिट्टी चादर ..., गीत को इस धुन में भी गाया जाता है। बल्कि इन दिनों यह ज्यादा प्रचलित है। पूरा प्रसंग इससे पूर्व दिए गए गीत का है। केवल मुखड़े की दो पंक्तियां भिन्न हैं। परन्तु यही दो पंक्तियां आत्म–घात के कारण को बदल देती हैं। यहां यह गीत शुरू होता है – राजे दिए बेड़िए नी सौकणी तू मेरिए ...। अर्थात पत्तण (दरिया पार करने वाला वह स्थान जहां प्रशासन नौका व्यवस्था करता है) पर लगी राजा की नौका, तू मेरी सौतन हो गई है। तुझ पर मेरा मियां जसरोटिया (राजपूत उपजाति) विमोहित हो गया है अर्थात बार–बार तेरे संसर्ग में आकर वह नदी पार प्रिया से मिलने जाता है। उसके बाद वह सफेद कढ़ाई की गई चादर के बहाने मां पिता तथा भाई को याद करती है। फिर उसे ससुराल की एकरस दिनचर्या व्यथित करती हैं कल्पना में पति को नदी के पार प्रतीक्षा रत्त देखती है। परन्तु यथार्थ कुछ और है तो नदी में डूब जाने का निर्णय ले लेती है। फैंटेसी के प्रयोग से वह मृत्यु बाद अपना भयानक अन्त देख रही है। मां व बाबा को रोते–कल्पते देखती है तो भाई को उसकी खोज में नदी के चारों ओर भटकते देख रही है ...। युवा पत्नी को पति के घर से बार–बार नदी पार जाना संशय में डालता है। शक के बीज जहरीलीं नागफणी बन कर उसे निगल जाते हैं ...।

स्वर लिपी :-

×		0		×		0	
–	–	–	–	सा	सा	सा	ध
ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	रा	जे	दि	ये
प	प	म	ध	प	–	–	प
ऽ	बे	ऽ	ड़ि	ये	ऽ	ऽ	नी
प	धप	पम	म	प	ध	प	म
सो	कऽ	णीऽ	तू	ऽ	मे	ऽ	रि
म	–	–	–	मरे	–	–	सा
ये	ऽ	ऽ	ऽ	ऽऽ	ऽ	ऽ	ऽ
सा	सा	सा	ध	प	प	म	मध
ते	रे	प	र	ऽ	ड़ु	ली	होरि
प	–	–	प	प	ध	प	म
हा	ऽ	ऽ	ऽ	मि	यां	ज	स
प	ध	प	प	म	–	–	–
ऽ	रो	ऽ	टि	या	ऽ	ऽ	ऽ
अंतरा :							
गरे	–	–	सा	ध	धसां	ध	प-
ऽऽ	ऽ	ऽ	ऽ	कु	नी	चा	दर
म	ध	सं	सांध	सां	–	–	नि
ऽ	दि	ऽ	तिऽ	ऐ	ऽ	ऽ	ऽ
ध	–	–	–	पध	सानि	ध	प
ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽऽ	ऽऽ	ऽ	ऽ
प	धप	पम	मप	मप	ध	प	प
कु	न्ही	चाऽ	दर	ऽऽ	सी	ऽ	ती
म	–	–	–	गरे	–	–	स
ऐ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽऽ	ऽ	ऽ	ऽ
सा	ध	प	ध	पम	म	–	धप
कु	ण	ले	ई	ऽ	आ	ऽ	ऽ
प	–	प	–	प	धप	प	म
या	ऽ	ऽ	ऽ	ब	ड	डा	ए
प	ध	प	म	म	–	–	–
ऽ	या	ऽ	र	ऐ	ऽ	ऽ	ऽ
गरे	–	–	सा	–	–	–	–
ऽऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ

प्रस्तुत गीत में स्थाई व अन्तरा है। गीत की अन्य पंक्तियां भी इन्हीं स्वरों पर गाई जाएंगी।

7. कदूं घरें औणा

कालुआ मजूरा हो डेरा तेरा दूरा हो,
बीती गेया फागुणा, तूं कुदूं घरें औणा हो ...
मेरेया परेमिया हो, दिलां देया मैह्रमा हो
बीती गेया फागुणा, तूं कदूं घरें औणा हो ...

नालुआं च रूड़दा तूं, पत्थरां नैं घुल़दा हो
खून तेरा डुल़दा हो
मेरेया परेमिया हो, दिलां देया मैह्रमा हो
बीती गेया फागुणा, तूं कदूं घरें औणा हो ...

धुप्पा तूं जल़दा हो, पाल़ैं तू ठरदा हो
खड्डां बणां रूल़दा हो
मेरेया परेमिया हो, दिलां देया मैह्रमा हो
बीती गेया फागुणा, तूं कदूं घरें औणा हो ...

दियालि़या दे बबरू हो, लोहड़िया दी खिचड़ी
सैह तिज्जो कियां बिसरी
मेरेया परेमिया हो, दिलां देया मैह्रमा हो
बीती गेया फागुणा, तूं कदूं घरें औणा हो ...

कागा उड़ाए गोरी, बिन्दलू लगाए गोरी
कुंदे ताईं सज्जणा
मेरेया परेमिया हो, दिलां देया मैह्रमा हो
बीती गेया फागुणा, तूं कदूं घरें औणा हो ...

तभी जाऊंगी जब वह मेरे साथ चलेगा और मुझे जाना ज़रूर है। अन्तिम बन्द में वह समाज की चिन्ता करती दिखती है। कहती है कि देवर–भाभी नन्दपुर के मेले में जाने के लिए घर से निकलते हैं तो चारों ओर से विरोध की आंधी चलती है। वह जाएगी तो ज़रूर लेकिन पहले देवर सरीकों (बिरादरी वालों) को मना ले। ..... गीत में मेलों की पारम्परिक संस्कृति का जिक्र है। मन के भाव व उत्साह का वर्णन है और सामाजिक मान–मर्यादा का बोध है।

53. मेरे खाणे आले़ लोभी दूर

रोटियां पकानी मैं गिणी-गिणी,
ओ जानी गिणी-गिणी वो
मेरे खाणे आले़ लोभी दूर ....

अक्खैं खाणे़ आले़ लोभी खाई जांदे,
सुआद लेई जांदे
लाई जांदे डुगड़े तीर
मेरे खाणे आले़ लोभी दूर ....

अक्खैं कपड़ेयां धोनी मैं छुपी-छुपी,
ओ जानी छुपी-छुपी
मेरे पहनणे आले़ दूर, मेरे लाणे आले़ लोभी दूर

अक्खैं लाणे आले़ लोभी पहनी जांदे
छैल़ सज्जी जांदे
लाई जांदे डुगड़े तीर, मेरे खाणे आले़ लोभी दूर।

भावार्थ :— इस गीत में गृहस्थ कार्यों में लगी पत्नी की उदासी और परदेस गए पति से बिछोह की पीड़ा सरल भाव से शब्दबद्ध हुई है। वह कहती है — मैं गिन–गिन कर रोटियां पका रही हूं। (गिनने के उपक्रम में परिवार के सदस्यों के साथ–साथ पति का ध्यान भी आता होगा) पर मेरे रांधे खाने को पसंद करने वाले इसके लोभी बहुत दूर हैं। काश वह आ कर खाना खा जाते और इसका स्वाद ले पाते...। परन्तु वह नहीं आते और मेरे हृदय में वियोग

स्वर लिपी :-

X		0		X		0	
–	–	–	–	प़	प़	प़	ध़
ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	रो	टि	यां	व
साध़	ध़	प़	प़	ग	–	ग	रे
णा	ऽ	नी	मैं	गि	ऽ	णी	गि
रे	–	सा	रे	ग	–	ग	रे
णी	ऽ	जा	नी	गि	ऽ	णी	गि
रे	रे	रे	सा	ध़	ध़-	रे-	रेरे
णी	वो	मे	रे	ऽ	खाऽ	णेऽ	बाले़
रे	ग	रे	–	सा	–	ध़	–
लो	ऽ	भी	ऽ	दू	ऽ	र	ऽ

प्रस्तुत गीत में स्थाई है। गीत की अन्य पंक्तियां भी इन्हीं स्वरों पर गाई जाएंगी।

रूपी तीर चुभो देते हैं। ..... सब से छुपा कर मैं उनके कपड़े धोती हूं। इन्हें पहनने वाले बहुत दूर है। वह आ जाए और इन्हें पहन कर सज–धज लें तो मुझे संतोष हो .....। परन्तु मेरे परदेसी साजन नहीं आते और उनकी याद के तीर मेरे कलेजे में लगते हैं ....। शृंगार रस के वियोग पक्ष का चित्रण लोक गीतों में हुआ है। रोज़ी–रोटी कमाने के लिए घर छोड़ कर जाना, कांगड़ा जनपद के आर्थिक परिप्रेक्ष्य को भी उकेरता है।

54. कूंजा जाई पईयां बरोट

कूंजा जाई पेईयां बरोट, चिट्टे दंद गुलाबी होंठ,
गल्लां करन पंजाबी लोक इक गल सुणी जायां द्योरा मेरेया बांकेया द्योरा
कूंजा जाई पेईयां नदौण, ठंडे पाणी निरमल नौण
इक घुट पी जायां द्योरा, मेरया बांकेया द्योरा
कूंजा जाई पेईयां कलेसर, भाभो मंगदी नक्के जो बेसर
तुरत घड़ाई जायां द्योरा, मेरेया बांकेया द्योरा
कूंजा जाई पेईयां पपरोले़, भाभा रोंदी डुगड़ें खोलें
इक गल सुणी जायां द्योरा, मेरेया बांकेया द्योरा
कूंजा जाई पेईयां मंडिया, चौल़ रिझदे कालि़या हंडिया
दुध भात्त खाई जायां दयोरा, मेरेया बांकेया द्योरा
कूंजा जाई पेईयां पत्तणे, मेरा मन नी लगदा कत्तणे
चरखे भन्नी देयां द्योरा, मेरेया बांकेया द्योरा
कूंजा जाई पेईयां सुकेत, अक कुच्छड़ दूआ पेट
तीजा खेले बालू रेत, मेरया बांकेया द्योरा

भावार्थ :— कांगड़ा, एक समय में पंजाब का हिस्सा था। वहां के लोक साहित्य तथा रीति रिवाजों का प्रभाव यहां के लोक–मानस पर देखा जा सकता है। बोलियों का प्रचलन यहां भी है। मन की बात व्यक्त करती पंक्ति से पहले की पंक्ति में ध्वनि साम्य बिठाने का प्रयास रहता है। वैसे इन पंक्तियों में परिवेश की झलक रहती है। कूंजा (अर्थात प्रवासी पंछी) उड़ कर बरोट पहुंची है। जहां के लोगों के दांत सफेद तथा उनके होंठो की रंगत गुलाबी होती है। पंजाबी लोग परस्पर बातें करते हैं। मेरे देवर ! तुम भी मेरी बात सुन जाओ। कूंजा नदौन जा बैठी है जहां के नौण (प्राकृतिक पानी के स्रोत पर बना तालाब) का पानी ठण्डा शीतल है। सखा–साथी देवर से दो घूंट पीकर जाने का अनुरोध करती है भाभी। वह कहती है कि पंछी कलेसर जा बैठे हैं। तुम मेरी नाक के लिए बेसर (नथनी) घड़वा दो। कूंजा पपरोला पहुंचती है तो भाभी के दुःख का चित्रण है कि वह नाले–खोले में रोती फिरती है। कूंजा मंडी जा बैठी। चावल, काली हांडी में रांधे जा रहे हैं देवर से

स्वर लिपी :-

X		0		X		0	
--	--	प़-	प़-	प़ध़	-सा	सा-	सा-
ऽऽ	ऽऽ	कूऽ	ऽजां	जाई	ऽपे	ईयां	बऽ
सारे	-ग	ग-	-ग	रे-	रेग	रे-	सा-
रोऽ	ऽट	चिऽ	ऽटे	दंऽ	दगु	लाऽ	बीऽ
सारे	-ग	ग-	गरे	रे-	रेग	रेसा	सा-
होंऽ	ऽठ	गऽ	ल्लां	कर	नपं	जाऽ	बीऽ
सारे	-ग	ग-	गरे	रे-	रेग	रेसा	सा-
लोऽ	ऽक	इक	गल	सुऽ	णीजा	यांऽ	दयो
ध़-	--	ध़सा	सा-	सा-	रे-	गरे	रेसा
राऽ	ऽऽ	मेरे	याऽ	बांऽ	कऽ	याऽ	दयो
सा-	--	--	--	--	--	--	--
राऽ	ऽऽ	ऽऽ	ऽऽ	ऽऽ	ऽऽ	ऽऽ	ऽऽ

प्रस्तुत गीत में स्थाई है। गीत की अन्य पंक्तियां भी इन्हीं स्वरों पर गाई जाएंगी।

आकर खा जाने की मनुहार है। भाभी कहती है कि कूंजा पत्तण (दरिया का वह स्थान जहां आर–पार जाने के लिए बेड़ियां अर्थात लकड़ी की नौकाएं लगी होती हैं।) जा पहुंची, मेरा मन चरखा कातने में नहीं लगता। तुम आकर चरखा तोड़ दो। अन्तिम पंक्तियों में वह कहती है कि कूंजा सुकेत प्रदेश (मंडी) में जा बैठी हैं। एक बच्चा मेरी गोदी में है दूसरा पेट में और तीसरा रेत से खेल रहा है। मेरे बांके (सुन्दर सलोने) देवर ...। इस तरह की बोलियों में ध्वनि साम्य का आकर्षण बांधता है ...। जैसे गुलाबी होंठ और पंजाबी लोक, नदौन तथा नौण कलेसर और बेसर आदि ...।

55. हरिये नी भरिये सब्ज खजूरे

हरिये नी भरिये सब्ज खजूरे
पतलू जिन्हां दे पीले ओ
कंत्त जिन्हा दे सदा मुसाफर
नारां दे क्या हीले ओ

राज बिना कोई राजा झूरे
वैद बिना कोई रोगी ओ
कन्त बिना कोई नार जे झूरै
तिन्हो फिरन बजोगी ओ

टुटेया-फटेया कपड़ा पुराणा
कोई नी सींदा दर्जी ओ
दिलां दा महूरम कोई नीं मिलदा
जे मिलेया अलगरजी ओ

हत्थां दे कागज उड़ी उड़ी जांदे
कलमां गेइयां गुआची ओ
कोठे चढ़ी के लिखणा बैठी
हौवा झुलदी दक्खणी ओ

भावार्थ :— यह गीत एक पत्नी की विरह—वेदना की मार्मिक अभिव्यक्ति है। जिसमें वह अपने दर्द का साधारणीकरण करने का प्रयास करती है। शुरूआत ही उदासी भरी है। फली—फूली हरी खजूर है परन्तु उसके पत्ते पीले पड़ रहे हैं। ... जिन पत्नियों के पति सदा मुसाफिर बने घूमते हैं, उनके क्या हाल होंगे ? अर्थात वे भी भरे—पूरे घर का हिस्सा होने के बावजूद मायूस रहती हैं। जैसे राज्य के बिना राजा दुःखी होता है। (सत्ता होने से ही कोई सत्ताधारी है)। वैद्य के बगैर रोगी चिन्तित रहता है। उसी तरह पति की अनुपस्थिति में पत्नी व्याकुल रहती है। तीनों वियोगी फिरते हैं। फटा पुराना कपड़ा कोई दरजी नहीं सीता अर्थात उधड़ी सीवनों वाले हृदय को कोई सांत्वना देकर गांठ—तुरप नहीं करता। मन का महरम यानी मनःस्थिति समझने वाला सच्चा साथी नहीं मिलता जो भी जीवन में आता है अपनी

स्वर लिपी :-

×			२				0			३			
ध़	ध़	–	ध़	नी़	सा	नी़	ध़	ध़	–	प़	–	–	–
ह	रि	ऽ	ये	ऽ	ऽ	नी	भ	रि	ऽ	ये	ऽ	ऽ	ऽ
ध़	ध़	–	ध़	नी़	सा	नी़	ध़	ध़	–	प़	–	–	–
स	ब	ऽ	ज	ऽ	ऽ	ख	जू	ऽ	ऽ	रे	ऽ	ऽ	ऽ
प़	ग	–	ग	–	–	ग	ग	–	–	रे	सा	–	–
प	त	ऽ	लू	ऽ	ऽ	जि	न्हां	ऽ	ऽ	दे	ऽ	ऽ	ऽ
रे	–	–	रे	सा	–	रे	ग	–	–	–	–	–	–
पी	ऽ	ऽ	ले	ऽ	ऽ	ऽ	ओ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ
ग	–	–	ग	–	–	ग	ग	–	–	ग	रे	सा	–
क	ऽ	ऽ	तं	ऽ	ऽ	जि	हां	ऽ	ऽ	दे	ऽ	ऽ	ऽ
सा	रे	–	–	–	–	रे^{ग}	सा	–	–	ध़	–	प़	–
स	दा	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	मु	सा	ऽ	ऽ	फि	ऽ	र	ऽ
प़	ध़	सा	रे^{ग}	–	ग	रेसा	रे	सा	–	सा	–	–	–
ना	रां	ऽ	दे	ऽ	क	याऽ	ही	ले	ऽ	ओ	ऽ	ऽ	ऽ

प्रस्तुत गीत में स्थाई है। गीत की अन्य पंक्तियां भी इन्हीं स्वरों पर गाई जाएंगी।

जरूरतों को लेकर ही आता है। अन्तिम पंक्तियां बहुत भावुक करती है। पत्नी कह रही है कि हाथों के कागज उड़–उड़ जाते हैं। कलम गुम हो जाती है। मैं सबसे अलग कोठे पर चढ़ कर प्रिय को पत्र लिखने बैठती हूं तो दक्षिण से आती हवा चलती है ... अर्थात वह अपने मन की व्यथा को पति तक पहुंचाने में भी असमर्थ है ...।

56. इस गराएं देया लम्बरा

इस गराएं देया लम्बरा हो, इन्हा छोह्रूआं जो लै समझाई
इन्हा छोहरूआं जो लै समझाई कि बत्ता जांदे सीटी मारदे

पाणिये जो जाणा असां चुकणा घड़ोलू
कियां करी नालू टपणा कि लुकी छुपी सीटी मारदे
इस गराएं ....

धारा जो जाणा असां अणना गड़का
नालुए नी दिन्दे टपणा, कि नाले पारैं सीटी मारदे
इस गराएं ......

माए नी मेरिये कपड़ेयां धोणा जे जाणा
नालुए जो कियां टपणा, कि उआरे पारैं सीटी मारदे
इस गराएं ....

भावार्थ :— शादी—विवाह में, महिला—संगीत या गिद्दे (बारात जाने वाली रात को स्त्री—नृत्य आयोजन) में यह गीत बहुत प्रचलित है। जिसमें सिर पर पगड़ी बांध कर एक स्त्री लम्बरदार बन जाती है। बाकी नाचते हुए शिकायत में गाती हैं कि इस गांव के लम्बरदार, तुम यहां के लड़कों को समझा लो। ये हमें देख कर सीटियां बजाते हैं। घड़ा उठा कर हम पानी लेने को जाती हैं तो पानी नहीं भरने देते। लुक़—छिप कर सीटियां बजाते हैं। हम घास लेने जाती हैं तो नाला पार नहीं करने देते। नाले के पार से सीटियां बजाते हैं। यदि कपड़े धोने जाएं तो भी यही हाल। नाले के इधर—उधर दोनों छोरों

स्वर लिपी :-

X			२			X			३		
ध़-	ध़-	सा	ध़-	प़	-	ध़	सा	सा	रे	ग	ग
इऽ	साऽ	ग	राएं	दे	या	लं	ब	रा	हो	इ	ना
रे-	रेरे	रे	ग	प	गरे	सा	ध़	ध़	ध़	सारे	ग
छोऽ	रूआं	जो	लै	ऽ	सम	झा	ई	कि	ब	ताजा	न्दे
रे	गरे	सा	सा	-	-	-	-	-	-	पप	पप
सी	टीमा	र	दे	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	पाणि	येजो
म	पप	ग-	-	रेग	रेसा	रे-	--	ग-	-	रेरे	रेरे
जा	णाअ	सांऽ	ऽ	चुक	णाघ	ड़ोऽ	ऽऽ	लूऽ	ऽ	कियां	करी
ग-	प-	गरे	सा-	--	--	-	-	-	-	-	-
नाऽ	लुऽ	टप	णाऽ	ऽऽ	ऽऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ

प्रस्तुत गीत में स्थाई है। गीत की अन्य पंक्तियां भी इन्हीं स्वरावलियों पर गाई जाएंगी।

से सीटियां बजा–बजा कर छेड़ते हैं। ... पर यह शिकायत मनोरंजनार्थ ही है। सचमुच की नाराज़गी नहीं है। इसमें कृष्ण वाली छेड़–छाड़ और गोपियों का उपालम्भ है। जिसमें शिकायत करते हुए भी आनन्द है। अनोखा रस है ...।

57. कुक्कू कियां बोलदा

कियां बोलदा मेरी जान भाबो
कुक्कू कियां बोलदा
मण्डिया सकेतां दे सौहणे-सौहणे राजे
असां भी दिक्खणा जाणा भाबो
कुक्कू कियां बोलदा, कियां बोलदा मेरी जान भाबो
कुक्कू कियां बोलदा
भरियां बन्दूकां भाबो मूंढे पर रखियाँ
मारी लैणी तितरां री जोड़ी भाबो
कुक्कू कियां बोलदा, कियां बोलदा मेरी जान भाबो
कुक्कू कियां बोलदा
उआरे भी नाल़ा भाभी पारे भी नाल़ा
बिच बिच कुकुआं दा डेरा भाभी
कुक्कू कियां बोलदा, कियां बोलदा मेरी जान भाबो
कुक्कू कियां बोलदा
बड्डड़ा बजीर भाबो मने मेरे बसेया
कुस कन्नैं गल्लां असां लाणी भाबो
कुक्कू कियां बोलदा, कियां बोलदा मेरी जान भाबो
कुक्कू कियां बोलदा

भावार्थ :– पारम्परिक व बहुत प्राचीन यह गीत अपने शीर्षक – 'कुक्कू कियां बोलदा' से प्रसिद्ध है। सर्दियां बीतते ही, ग्रीष्म की आहट होने पर कुक्कू चहकने लगता है। यहां इस गीत में प्रेम की पुकार लगाता कुक्कू पिया मिलन के लिए उत्तेजित तथा उद्वेलित करता है। अधिकांश गीत संवाद शैली में है। यह गीत ननद भाभी के बीच में है। परन्तु लगभग एक तरफा संवाद है। मात्र सम्बोधन ही है। भाभी से पूछा जा रहा है कि कुक्कू कैसे बोलता है ? प्रश्न स्पष्ट कर रहा है कि उसके स्वर ने युवती को सम्मोहित कर दिया है अपने माधुर्य से। युवती प्रेमरस में डूबी हुई है। ... मण्डी व सुकेत में सुन्दर–सुन्दर राजा हैं। हम भी देखने जाएंगी। साथ में चलते भाई, भरी हुई बन्दूकें कन्धों पर रख लेंगे। राह में तितरों की जोड़ी मार गिराएंगे। राजा का बजीर मेरे मन में बस गया है। मुझे बहुत भा गया है। यह मन की बात मैं किससे करूं। संकोच दिखाते हुए कह दिया गया है। असल में कुक्कू प्रियतम का ही

स्वर लिपी :–

×			२				0			३			
प़	ग़	–	प़	–	प़	–	ध़	सा	–	रे	–	ग	–
कि	यां	ऽ	बो	ऽ	ल	ऽ	दा	ऽ	ऽ	मे	ऽ	री	ऽ
रे	–	–	ग	रे	सा	नि़	ध़	–	–	ध़	–	सा	–
जा	ऽ	ऽ	न	ऽ	भा	ऽ	वो	ऽ	ऽ	कु	ऽ	क्कू	ऽ
रे	ग	–	रे	–	रे	–	सा	–	–	–	–	–	–
कि	यां	ऽ	वो	ऽ	ल	ऽ	दा	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ
सा	–	–	प़	–	ध़	–	सा	सा	–	रे	ग	–	–
मं	डि	ऽ	यां	ऽ	स	ऽ	के	तां	ऽ	दे	ऽ	ऽ	ऽ
ग	(गग)	–	ग	–	ग	म	ग	रे	सा	(ग)रे	–	–	–
सो	(ह्णे)	ऽ	सो	ऽ	ह्	णे	रा	ऽ	ऽ	जे	ऽ	ऽ	ऽ
म॑	–	–	म॑	–	म॑	–	प	प	–	ग	रे	–	–
अ	ऽ	ऽ	सां	ऽ	भी	ऽ	दि	ख	ऽ	णा	ऽ	ऽ	ऽ
रे	–	–	ग	रे	सा	नी़	ध़	–	–	ध़	–	सा	–
जा	ऽ	ऽ	णा	ऽ	भा	ऽ	भो	ऽ	ऽ	कु	ऽ	क्कू	ऽ
रे	ग	–	रे	–	रे	–	सा	–	–	–	–	–	–
कि	यां	ऽ	बो	ऽ	ल	ऽ	दा	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ

प्रस्तुत गीत में स्थाई है। गीत की अन्य पंक्तियां भी इन्हीं स्वरों पर गाई जाएंगी।

प्रतीक है। जिस की प्रेम मनुहार, युवा हृदय को बैचेन–व्याकुल कर रही है। कहती है कि इस तरफ भी नाला है। उस तरफ भी पानी से भरा नाला है। बीच में कुक्कुओं का डेरा (अस्थाई निवास) है। अर्थात प्रेम गली अति संकरी और विकट वाली बात है। मिलन सहज–सरल नहीं है। भव–बाधा, दूर कर के ही संभव है ...। प्रेम में शालीन तथा मर्यादित रहते हुए संकोचपूर्ण लुकाव–छुपाव रखते हुए, हृदय की भावनाओं को प्रकट करता यह गीत बहुत प्रभावी है।

58. रस्सो बस्सो वे लोको असां परदेसी वो हुन्दे

रस्सो बस्सो वे लोको असां परदेसी वो हुन्दे
असा परदेसी ओ हुन्दे रैन्दे नदिया दे कण्डे
स्हाड़ी जांदी बारी दा सुखसान्त लेई लेया जी

अप्पू भूंईयां वो बोहगे तुआंजो कुर्सी वो दिंगे
सजण रेई वो जायो अजकी रात वे हाँ

अप्पू भूंईयां वो सोहंगे तुआंजो मंजा वो दिंगे
सजण रेई वो जायो अजकी रात वे हाँ

अप्पू अद्धी वो खाहूँगे तुआंजो पूरी वो दिंगे
सजण रेई वो जायो अजकी रात वे हाँ

सजण मिलणा वो लग्गे के मिली करी खिंडणा वो लग्गे
सजण रेई वो जायो अजकी रात वे हाँ

रस्सो बस्सो वे लोको असां परदेसी वो हुन्दे
असां परदेसी ओ बन्दे रैहन्दे नदिया दे कण्डे
स्हाड़ी जांदी बारी दा सुखसान्त लेई लेया जी

नावार्थ :– लोक जीवन का पल–पल गीतमयी है। भावनाओं में डूबी :चनात्मकता मिलन व विछोह सब कुछ को सरस बना देती है। इस गीत में बेछुड़ने की घड़ी का चित्रण है। विलग रहा व्यक्ति या नातेदार, जाते हुए ाभी को रसते–बसते रहने की शुभाषीष दे रहा है। यह कहते हुए कि वह ारदेसी है और नदी किनारे बसने वाला है। दूसरी ओर से कहा जा रहा है ।के मत जाओ। हम नीचे बैठ लेंगे आप के लिए कुर्सी रखेंगे। सजण, आज

स्वर लिपी :-

×		0		×		0	
–	–	–	–	–	–	प़	–प़
ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	र	स्सो
प़	–ध़	सा	रे	रे	–	रेरे	साध़
ब	स्सो	वे	लो	को	ऽ	असां	पर
ध़	सा	रे	रे	सा	–	प़–	प़–
दे	सी	वो	हु	न्दे	ऽ	असां	पर
ध़	सा	सा	रे	रे	–	रेरे	साध़
दे	सी	वो	हु	न्दे	ऽ	रऽ	न्दे
ध़–	सा	रे	रे	सा	–	प़	प़
नदि	या	दे	क	न्डे	ऽ	र	सो

प्रस्तुत गीत में स्थाई है। गीत की अन्य पंक्तियां भी इन्हीं स्वरों पर गाई जाएंगी।

की रात रूक जाओ। हम नीचे सो लेंगे। आपके लिए मंजा (बाण की रस्स से बुनी चारपाई) उपलब्ध करवाएंगे। यही नहीं स्वयं आधी खा कर आपक पूरी रोटी देंगे। प्रिय सजण आज रात रह जाओ। सजण अर्थात मित्र व लोग मिलने लगे और मिलजुल कर बिछुड़ने लगे। ... कृपया आज की रा हमारे यहां ही रह जाओ ... इन पंक्तियों को शादी–विवाह आदि के बाद जुद होते हुए अक्सर गाया जाता है। लोक गीतों में पंक्तियों का एक से अधि गीतों में दोहराया जाना अक्सर देखा जा सकता है।

*59. उची-उची रिड़ियां

उची-उची रिड़ियां पत्थरू जे चमके खडडा बिच चमकेया पाणी
मैं तां तिजो पुच्छदी परीत कियां लाणी हो

सब सब फुलणू फुली समाए धारा फुलेया गोभी
भाबी चली प्योकियां तां देर चलां सौगी हो
उची-उची रिड़ियां पत्थरू जे चमके खडडा बिच चमकेया पाणी
मैं तां तिजो पुच्छदी परीत कियां लाणी हो

सब सब फुलणू फुली समाए धारा फुल्लेया गरना
भावो चली प्योकियां तां देर लगा मरना हो
उची-उची रिड़ियां पत्थरू जे चमके खडडा बिच चमकेया पाणी
मैं तां तिजो पुच्छदी परीत कियां लाणी हो

भावार्थ :— इस गीत में समान वय के देवर–भाभी के बीच का सम्मोहन चित्रित हुआ है। वास्तव में यह किशोर सुलभ आकर्षण मात्र होता है। दुविधा से गीत शुरू होता है। ... ऊंची–ऊंची रिड़ियों (पठार) पर पत्थर चमकते हैं और खड्ड (पहाड़ी नाला) में पानी चमकता है। मैं पूछती हूं तुमसे, कि प्रीत कैसे लगाई जाए ? सम्बन्ध की गरिमा रखते हुए युवा देवर को समझाने का प्रयास है ...। फिर उस किशोर के नेह को शब्द–बद्ध किया है कि सब फूल खिल चुके अब धारा (पहाड़ी) पर गोभी का फूल खिल रहा है। भाभी अपने मायके जाने लगती है तो देवर साथ चलता है। अगली पंक्तियों में कहा गया है कि भाभी अपने मां–बाबा के घर जाने लगती है तो देवर जान

स्वर लिपी :-

X		0		X		0	
प़-	प़ग	गग	ग-	रेरे	रेग	गग	ग-
उची	उची	रिड़ि	यांऽ	पथ	रूजे	चम	केऽ
रेरे	रेसा	गरे	रेसा	सा-	सा-	--	--
खडा	विच	चम	केया	पाऽ	णीऽ	ऽऽ	ऽऽ
ध़सा	-सा	गरे	रेसा	साध़	ध़प़	प़-	प़-
मैंऽ	ऽतां	तिऽ	जोऽ	पुऽ	च्छ	दीऽ	पऽ
प-	-म	ग-	रेसा	सा-	रे-	ग-	रेसा
रीऽ	ऽत	किऽ	यांऽ	लाऽ	णीऽ	होऽ	ऽऽ

प्रस्तुत गीत में स्थाई है। गीत की अन्य पंक्तियां भी इन्हीं स्वरावलियों पर गाई जाएंगी।

दे देने की धमकी देता है ...। कांगड़ा जनपद में देवर–भाभी के मध्य हंसी–ठिठोली तथा आकर्षण का सहज वर्णन मिलता है।

60. बान्सुरिये नी तूँ बजदी प्यारी

बान्सुरिये नी तूँ बजदी प्यारी
चल बिन्दराबण जाई बसिये
बे लोका चल बिन्दरावण जाई बसिये

समुन्दरां दे पाणी मिटठड़े नी बणदे
पौंऐं कितणी खण्ड पाई दसिये
बे लोका पौंए कितणी खण्ड पाई दसिए

सपां दे सपोलू अपणे नी बणदे
चूलि़यां दुध प्याई दसिए
बे लोका चूलि़या दुध प्याइए दसिए

चिड़िया दे बच्चे जी अपणे नी बणदे
जितणी भी चोग चुगाई दसिए
बे लोका जितणी भी चोग चुगाई दसिए

भावार्थ :— इस गीत में जीवन के सत्य सूक्ति रूप में शब्दबद्ध हुए हैं। आध्यात्मिक भाव—बोध से गीत का प्रारम्भ होता है। बांसुरी तू बहुत प्यारी अर्थात मधुर बजती है। तेरी मोहक ध्वनि अत्यन्त आकर्षक है। चल कृष्ण के गांव वृन्दावन में जाकर बसें। मानवीकरण हुआ है। बांसुरी को प्रभु के प्रति समर्पित आत्मा के रूप में देखा गया है। जिससे जीवन के व्यर्थ प्रयत्नों को छोड़ कर, प्रभु शरण में जाने का अनुरोध है। यह संसार जैसा है वैसा ही रहेगा। समुन्दर का पानी मीठा नहीं होता। भले कितनी भी शक्कर मिलाते

स्वर लिपी :-

×			२				0			३			
प़	–	ध़	सा	–	ग	–	रे	–	–	–	–	–	–
बां	ऽ	ऽ	सु	ऽ	रि	ऽ	ये	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ
–	–	–	ग	–	ग	रे	रे	रे	–	ग	–	–	रे
ऽ	ऽ	ऽ	नी	ऽ	तूं	ऽ	ब	ज	ऽ	दी	ऽ	ऽ	ट
सा	–	–	ध़	–	–	–	प़	ध़	–	सा	–	ग	–
या	ऽ	ऽ	री	ऽ	ऽ	ऽ	च	ल	ऽ	बिं	ऽ	द	ऽ
रे	–	–	ग	–	रे	–	रे	ग	–	रे	–	रे	–
रा	ऽ	ऽ	ब	ऽ	ण	ऽ	जा	ई	ऽ	ब	ऽ	सि	ऽ
सा	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–
ये	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ

प्रस्तुत गीत में स्थाई है। गीत की अन्य पंक्तियां भी इन्हीं स्वरों पर गाई जाएंगी।

रहिए। सांप के बच्चों को अंजुरी भर–भर कर दूध पिला लें। वे अपना ज़हर नहीं छोड़ते। अर्थात बुरा अपनी बुराई या स्वभाव नहीं छोड़ता। चिड़ियों (पंख–पखेरूओं) के बच्चे आप के होकर आप के पास नहीं रहते। चाहे आप कितनी भी चोग उन्हें चुगाते रहे ...। इस दुनिया को अपने अनुरूप करना कठिन है। समाधान यही कि प्रभु शरण में रहा जाए।

61. हाय वो चम्बा

हाय वो चम्बा हरेया भरेया, हरेंया भरेया रांझणा हो
हरियां चम्बे दियां डालि़यां हो

हाय वो गल्लां होले़ करेयां, होले़ मेरे रांझणा हो
सोह्‌रा सुत्ता सस्स जागदी हो
हाय वो चम्बा हरेया भरेया ...

हाय वो गल्लां होले़ करेयां होले़ मेरे रांझणा हो
जेठ सुत्ता जठाणी जागदी हो
हाय वो चम्बा हरेया भरेया ...

हाय वो गल्लां होले़ करेयां, होले़ मेरे रांझणा हो
देर सुत्ता नणद जागदी हो
हाय वो चम्बा हरेया भरेयां ...

भावार्थ :— यह गीत श्रृंगार रस प्रधान है। प्रिया, प्रियतम से संवाद सुख पाना चाहती है। परन्तु परिवार के सदस्यों की चिन्ता है। जिन्हें रात हुए उनका बतियाना शायद अच्छा नहीं लगेगा। पत्नी कहती है कि चम्बा (चम्पा फूल का पहाड़ी नाम) हरियाली से परिपूर्ण है। चम्बा की डालि़यां अर्थात शाखाएं हरी–भरी हैं। पर्यावरण सहज बातचीत का अंग होने का अर्थ यह है कि पेड़ पौधों के प्रति पहाड़ों पर बसे लोगों का रूझान था। पत्नी बड़ी मनुहार से कहती है कि रांझना (पंजाब की लोक गाथा, हीर–रांझा का प्रेमी रांझा, प्रेमी पुरूष का प्रतीक रहा है) अर्थात मेरे प्रिय, बातें धीरे–धीरे करना।

स्वर लिपी :-

x		0		x		0	
प़-	प़-	ग-	ग-	.रेसा	सा-	सा-	सा-
हाय	वोऽ	चंऽ	बाऽ	हरे	याऽ	भरे	याऽ
प़-	प़-	प़-	ध़प़	प़ध़	ध़सा	रे-	ग-
हरे	याऽ	भरे	याऽ	रांऽ	ऽझ	णाऽ	ऽऽ
रे-	--	--	--	ग-	प-	ग-	रे-
होऽ	ऽऽ	ऽऽ	ऽऽ	हऽ	रिऽ	यांऽ	चंऽ
सा-	ध़-	सा-	रे-	गरे	गरे	रे-	सा-
बेऽ	ऽऽ	दिऽ	यांऽ	डाऽ	ऽलि	यांऽ	ऽऽ
सा-	--	ध़ध़	प़प़	प़ध़	ध़सा	रे-	ग-
होऽ	ऽऽ	मेरे	याऽ	रांऽ	ऽझ	णाऽ	ऽऽ
रे-	--	--	--	ग-	प-	ग-	रे-
होऽ	ऽऽ	ऽऽ	ऽऽ	हऽ	रिऽ	यांऽ	चंऽ
सा-	ध़-	सा-	रे-	गरे	गरे	रे-	सा-
बेऽ	ऽऽ	दिऽ	यांऽ	डाऽ	ऽलि	यांऽ	ऽऽ
सा-	--	--	--	--	--	--	--
होऽ	ऽऽ	ऽऽ	ऽऽ	ऽऽ	ऽऽ	ऽऽ	ऽऽ

प्रस्तुत गीत में स्थाई है। गीत की अन्य पंक्तियां भी इन्हीं स्वरों पर गाई जाएंगी।

ससुर सो गए हैं। परन्तु सास जाग रही हैं। इसी तरह वह बताती है कि जेठ (पति के बड़े भाई) तो सो गए हैं परन्तु जेठानी जाग रही है। देवर सोए पर ननद नहीं सोई है ...। एक तरह से उसे आशंका है कि घर के पुरूष सो गए हैं पर स्त्रियों को उन दोनों की बातें सुनने का चाव है। यह भाव भी है कि सास व जेठानी आदि को पहरेदारी करने की आदत होती है ...।

62. कुत्थू ते आया मेरा रूणझुणआ

कुत्थू ते आया मेरा रूणझुणुआ ओ
कुत्थू ते आइयां दो जणियां
काँगड़े ते आया मेरा रूणझुणुआ ओ
शाहपुरे ते आइयां दो जणियां

क्या वो कमांदा मेरा रूणझुणुआ ओ
क्या वो कमांदियां दो जणियां
हल वो चलांदा मेरा रूणझुणुआ ओ
भिकड़ा भनदियां दो जणियां

क्या वो कमांदा मेरा रूणझुणुआ ओ
क्या वो कमांदियां दो जणियां
पाणी ताँ भरदा मेरा रूणझुणुआ ओ
भांडेयां माँजदियां दो जणियां

क्या वो कमांदा मेरा रूणझुणुआ ओ
क्या वो कमांदियां दो जणियां
लकड़ू तां ढोंदा मेरा रूणझुणुआ ओ
रोटियां बणांदियां दो जणियां

भावार्थ :— इस गीत में ग्राम्य परिवेश का चित्रण बहुत नाटकीय ढंग से किया गया है। खेती के कार्यों का चित्रण करने के लिए एक परिकल्पना की गई है। एक महत्वपूर्ण बात यह भी है कि इसमें बहु विवाह अर्थात पुरूष द्वारा एक से अधिक विवाह को एक तरह से उपयोगी बताने का प्रयास है। दो पत्नियों को सामंजस्य पूर्ण ढंग से रहते तथा काम करते हुए चित्रित किया है ... खेत में तीन जन काम कर रहे हैं ...। गीत प्रश्न से आरंभ होकर उत्तरोत्तर प्रश्न व उत्तर के माध्यम से बढ़ता है। रूणझुणआ अर्थात रौनक

स्वर लिपी :-

X		0		X		0	
धसा	-सा	सासा	सारे	रेग	गरे	रेग	ग-
कुथु	ऽते	आया	मेरा	रूण	झुण	आऽ	ओऽ
सासा	-ध	धसा	सा-	ग॒रे-	रेसा	सा-	--
कुथु	ऽते	आई	यांऽ	दोऽ	जणि	यांऽ	ऽऽ
धध	धसा	सासा	सारे	रेग	गरे	रेग	ग-
काँग	ड़ेते	आया	मेरा	रूण	झुण	आऽ	ओऽ
सासा	साध	धसा	सा-	ग॒रे-	रेसा	सा-	--
शाह	पुरे	आई	यांऽ	दोऽ	जणि	यांऽ	ऽऽ

प्रस्तुत गीत में स्थाई है। गीत की अन्य पंक्तियां भी इन्हीं स्वरों पर गाई जाएंगी।

मिज़ाज का यह वक्ति कहां से आया है तथा इसके साथ दो औरतें कौन हैं ? उत्तर यह कि यह रसीला व्यक्ति कांगड़ा का है तथा औरतें शाहपुर से आई हैं। प्रश्न है कि वे क्या कर रहे हैं तो पुरुष हल चला रहा है और पीछे चलती दोनों स्त्रियां भिकड़ (खुनाई से निकल रहे मिट्टी के ढेले) तोड़ रही हैं। अर्थात खेत को समतल कर रही हैं। पति पानी भर रहा है, दोनों स्त्रियां बर्तन साफ कर रही हैं। फिर रसोई के लिए पुरूष लकड़ियां चुन कर ला रहा है और दोनों मिलकर रोटियां बना रही हैं। अर्थात घर–गृहस्थी सानद चल रही है बल्कि स्त्रियां दो है तो काम सुविधापूर्वक हो रहा है ... पुरुष समाज द्वारा अपेक्षित, स्त्री की मांनसिक गढ़न शब्द–शब्द प्रकट हुई है।

63. मंगवाल़ी दे मैदाना झीला रा पाणी

मंगवाल़ी दे मैदाना झीला दा पाणी
हईवो मेरे दिलड़ुआ हो ...

सैह् रिड़ियाँ रूड़ि गेईयां ज़ित्थु डंगरे चारे
हईवो मेरे दिलड़ुआ हो ...

सैह् पिपल़ डुबी गे जित्थु पींगा पाइयां
हईवो मेरे दिलड़ुआ हो ...

सैह् अंगण डुबी गए जिथु गिट्टियाँ खेलियाँ
हईवो मेरे दिलड़ुआ हो ...

सैह् माणु डूबी गे जिन्हा प्रीता लाईयाँ
हईवो मेरे दिलड़ुआ हो ...

भावार्थ :– अधिकांश लोकगीत, घटना–जन्य होते हैं। जो घटना लोक हृदय को आंन्दोलित करती है। वह एक भाव–गीत में परिणत हो जाती है। बान्ध भी एक कारण रहे हैं। पौंग बांध के कारण आस–पास का कितना ही हिस्सा जलमग्न हो गया। जिससे लोगों की भावनाएं जुडी हुईं थीं। जहां कभी घर थे। हाट–बाज़ार थे या चरागाहें थीं। पानी ही पानी पसर गया। इस गीत में मंगवाली नामक स्थान के डूब जाने का मार्मिक चित्रण है .... मंगवाली (मंगवाल) के मैदान में पौंग झील का पानी भर गया है। हाय मेरे दु:खी दिल, अब वह मैदान नहीं दिखता। वो पठारी हिस्से भी नहीं दिखते

स्वर लिपी :-

×			२				0			३			
–	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–	ग	ग
ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	मं	ग
ग	ग	–	ग	–	ग	–	रे	–	–	ग	–	रे	सा
वा	ली	ऽ	दे	ऽ	मै	ऽ	दा	ऽ	ऽ	ना	ऽ	ऽ	ऽ
ग	रे	–	ग	–	प	–	ग	–	–	रे	–	सा	–
झी	ऽ	ऽ	ला	ऽ	रा	ऽ	पा	ऽ	ऽ	णी	ऽ	ऽ	ऽ
सा	–	–	रे	–	ग	रे	स	ध़	प़	प़	–	ध़	–
इ	ई	वो	मे	ऽ	रे	ऽ	दि	ल	ऽ	ड्डु	ऽ	आ	ऽ
सा	–	–	–	–		–	–	–	–	–	–	ग	ग
हो	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	मं	ग

प्रस्तुत गीत में स्थाई है। गीत की अन्य पंक्तियां भी इन्हीं स्वरों पर गाई जाएंगी।

जहां पशु चराया करते थे। वो पीपल का पेड़ पानी में डूब गया जिसमें झूले डाले थे। वे आंगन भी पानी में आ गए जहां बचपन में गिट्टियां (पत्थर के छोटे–छोटे टुकड़े) खेला करते थे। वो लोग भी अदृश्य हो गए जिनसे प्रीत लगाई थी ....। विकास के क्रम में कुछ कार्य ज़रूरी होते हैं परन्तु वह दर्द भी बहुत गहरे तक असर करता है। जो लोगों को उनके परिवेश से उखाड़ फैंकने की वजह से उपजता है।

64. लच्छी-लच्छी लोक गलांदे

लच्छी-लच्छी लोक गलांदे
हो लच्छी मेरा नाम सजणा
मैं तां भुली पारले मोड़े
तूं लम्बी सीटी लायां सजणा, लच्छी-लच्छी ....

मोड़े पर हार्न बजाया
मैं तेरी बस दिक्खी सजणा, लच्छी-लच्छी ....

सीसे बिच फोटो दिक्खी तेरी
हो नज़र ना लायां सजणा, लच्छी-लच्छी ....

बत्ता बिच टपरू है मेरा
तूँ औंदा जांदा बौयां सजणा, लच्छी-लच्छी ....

तिजों ताईं खाणा वणाया
हां खाणा खाई जायां सजणा, लच्छी-लच्छी ....

छली छली पुच्छे ठाणेदार
हो तेरे डेरे कुण लच्छिये, लच्छी-लच्छी ....

भावार्थ :— श्रृंगार रस प्रधान यह गीत बहुत प्रचलित व लोकप्रिय नृत्य गीत है। जिसमें युवती लच्छी, अपना परिचय देते हुए कहती है कि लोग उसे लच्छी–लच्छी कहते हैं। यही उसका नाम है। कहती है कि तेरे घर के सामान्तर (पारले) मोड़ पर मैं रास्ता भूल गई। तू सीटी बजा कर मुझे दिशा निर्देश देना। ... तूने मोड़ पर हार्न बजाया था। मैंने तेरी बस देखी थी। अर्थात प्रेम दोनों और प्रबल है। बस में बैठे हुउ शीशे में तेरी फोटो देखी।

स्वर लिपी :-

×			0		
सासा-	सासा-	सा--	रेसा-	ध़--	प़--
लच्छीऽ	लच्छीऽ	लोऽऽ	कगऽ	लांऽऽ	न्देऽऽ
सासा-	सासा-	सा--	रेसा-	ध़--	प़--
लच्छीऽ	लच्छीऽ	लोऽऽ	कगऽ	लांऽऽ	न्देहोऽ
गग-	रेरे-	गग-	रेरे-	सा--	---
लच्छीऽ	मेराऽ	नाऽम	सजऽ	णाऽऽ	ऽऽऽ
सासा-	सासा-	सा--	रेसा-	ध़--	प़--
मैंतांऽ	भुलीऽ	पाऽऽ	रलेऽ	मोऽऽ	ड़ेऽऽ
सासा-	सासा-	सा--	रेसा-	ध़--	प़--
मैंतांऽ	भुलीऽ	पाऽऽ	रलेऽ	मोऽऽ	ड़ेतूंऽ
गग-	रेरे-	गग-	रेरे-	सा--	---
लम्बीऽ	सीटीऽ	लायांऽ	सजऽ	णऽऽ	ऽऽऽ

प्रस्तुत गीत में स्थाई है। गीत की अन्य पंक्तियां भी इन्हीं स्वरों पर गाई जाएंगी।

कहीं नज़र न लगवा लेना। परोक्ष ढंग से प्रशंसा की जा रही है। लच्छी बहुत विनम्र अनुरोध करते हुए कहती है। रास्ते (प्रियतम ड्राईवर है) में उसका टपरू (झोंपड़ीनुमा घर) है। आते–जाते हुए कभी बैठना। तेरे लिए खाना बना कर रखा है। खाना खा कर जाना। फिर लोक–समाज की चिन्ता करती दिखती है। बताना चाहती है कि इन दोनों के बीच के सम्बन्ध की चर्चा होने लगी है। बाकी तो कुछ नहीं कहते। परन्तु थानेदार जैसे तैसे जान लेना चाहता है। वह छल–छलकर धोखे से पूछता है कि तेरे डेरे में कौन आता है। इस गीत के बोलों तथा धुन में एक खास मस्ती है।

65. काल़जैं निरदी पीर

कियां तां लुकाणी कियां करी दस्सणी
काल़जे च निरदी पीर
नीं ओ माए काल़जे च निरदी पीर ...

चुप जे रहां तां जिगरा बडोदां
बोलां तां बजी जांदा तीर
नीं ओ माए बोलां तां बजी जांदा तीर
नीं ओ माए काल़जे च निरदी पीर ...

देयो भी मनाए जात्रां सुखियां
मड़िया मैं तोपदी पीर
नीं ओ माए मड़िया मैं तोपदी पीर
नीं ओ माए काल़जे च निरदी पीर ...

दिन अणजाणे बगानियां रातीं
होई गई मैं रांझे दी हीर
नीं ओ माए होई गई मैं रांझे दी हीर
नीं ओ माए काल़जे च निरदी पीर ...

प्रीतां दे हड़ आए रूड़ि रोई खिलकत
कुनी दिक्खे शाह फकीर
नीं ओ माए काल़जे च निरदी पीर

सैले बणां दा मोर ल्यायी दे
बीरां जो देई दे जगीर
नीं ओ माए बीरां जो देई दे जगीर
नीं ओ माए काल़जे च निरदी पीर

चुकदी घड़ोलू रखदी घड़ोलू
पल छिन नदिया दे तीर
नीं ओ माए पल छिन नदिया दे तीर
नीं ओ माए काल़जे च निरदी पीर

इक बक्ख डूबेया दुआ बक्ख डुबेया
होई गई मैं नीरो-नीर
नीं ओ माए होई गई मैं नीरो नीर
नीं ओ माए काल़जे च निरदी पीर

भावार्थ :— यह गीत विरह–वेदना की मार्मिक अभिव्यक्ति है। ऐसे गीत निपट उदासियों से भरे होते हैं। अधिकांशतः ये कथात्मक होते हैं। ... कलेजे को बीन्धती जाती पीर को छुपाया कैसे जाए और बताऊं भी कैसे ? यदि छुपाती हूं तो हृदय बिन्धता है। कह दूं तो तीर चुभता है।" वियोग की पीड़ा से त्रस्त युवती प्रेमिका कहती है कि उसने देव व देवियां भी मनाए और पीर–फकीरों की मड़ी पर भी सज्जदा किया। प्रेम में डूबी प्रिया अपने से अनजान हो गई है। पूरी तरह अपने रांझे की हीर बन गई है। प्रेम की बाढ़

स्वर लिपी :-

×			२				0			३			
सा	सा	–	रे	सा	रे	म	म	म	–	म	–	म	–
कि	यां	ऽ	तां	ऽ	लु	ऽ	का	ऽ	ऽ	णी	ऽ	ऽ	ऽ
म	प	–	प	ध	ध	म	प	–	–	म	–	–	–
कि	यां	ऽ	कं	ऽ	री	ऽ	द	स्	स	णी	ऽ	ऽ	ऽ
सा	रे	सा	नि̲	सा	नी̲	–	सा	–	–	रे	सा	रे	प
का	ल़	ऽ	जे	ऽ	च	ऽ	नि	र	ऽ	दी	ऽ	ऽ	ऽ
म	–	–	–	–	–	–	म	–	–	–	–	–	–
पी	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	र	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ

प्रस्तुत गीत में स्थाई है। गीत की अन्य पंक्तियां भी इन्हीं स्वरों पर गाई जाएंगी।

आई। सारी दुनिया डूब गई। बड़े–बड़े राजा और महाराजा भी नहीं बचे। वह मां से मिन्नत करती हुई कहती है कि मुझे हरे बागों का मोर (प्रेमी की ओर संकेत) ला दो। भले ही अपनी सारी सम्पत्ति भाई को दे दो। उसकी नहीं सुनी जाती, ब्याह दी जाती है। वह दुविधा में है। कभी घड़ा रखती है। कभी उठाती है। पल–छिन नदी के तीर पर पहुंच जाती है। आत्म–घात के बाद की तस्वीर बहुत त्रासद है। फैंटेसी या अति कल्पना का प्रयोग है। वह अपने को मृत्यु बाद देख रही है ... तन का एक हिस्सा डूबा/दूसरा डूबा और मैं पानी में समूची पानी हो गई। ... होई गेई मैं नीरो–नीर; पंक्ति शब्दिक व भावनात्मक दोनों ही दृष्टियों से बहुत उत्कृष्ट है। यह नीरो–नीर होना, मृत्यु ही नहीं प्रेम को समर्पित होकर, प्रेम में डूब जाना भी है ...।

66. कुत्थू भला रैह्ंदियां

कुत्थु भला रैह्ंदियां काल़ियां तितलियां वे
कुत्थु भला रैह्न्दे न बणां दे मोर वे रामा
महलां रैह्न्दिया काल़ियां तितलियां वे
बागे रैह्न्दे जी बागे दे मोर वे रामा

हो क्या कुछ खांदिया काल़िया तितलियां वे
क्या कुछ खांदे न बणा दे मोर वे रामा
दुध भत खान्दियां काल़िया तितलियां वे
गरियां छुआरे जी बणा दे मोर वे रामा

हो अद्धी अद्धी राती जी अज कोई पैहर सवेला वे
कुक्कड़े बांगा अज कोई राम पुकारे ए
हो हत्थ बिच गड़वा जी अज कोई मूण्डे परना वे
गौतम रिशिया जी गंगा कण्डे आयां वे

हो खोल़े कपड़े जी हो अज कोई पैर पन्जेबा वे
गौतम रिशिया जी नदिया दे कंडे आया ए
हो गंगा मेइया जी अज कोई करे स्नानां वे
गंगा मैइया जी अज कोई दे असीसां ए

भावार्थ :— इस गीत में मानवीकरण अलंकार का सुन्दर प्रभावी प्रयोग किया गया है। तितलियों पर महलों के राजाओं की सुपुत्रियों और मोरों पर बागों में रहते युवराजों को रूपायित किया गया है। मोर के रूप में प्रियतम को, बहुत सारे गीतों में देखा गया है। गीत की धुन बहुत मधुर है। नृत्य करती युवतियां, इस गीत पर झूमती हुई देखी जा सकती हैं। प्रश्न व उत्तर से क्रमशः विकसित होता है गीत। वनों की काली तितलियां कहां रहती हैं तथा जंगलों के मोर कहां रहते हैं। काली तितलियों का भोजन क्या है ? वे क्या खाती हैं ? और मोर क्या भोज्य पदार्थ ग्रहण करते हैं। उत्तर है कि वनों

स्वर लिपी :-

×		0		×		0		×		0		×		0	
रेरे	मग	रे-	सा-	ध़-	ध़-	ध़-	सासा	सा-	मग	रेम	ग-	रे-	--	--	--
कुथु	भला	रैंह	दिऽ	यांऽ	ऽऽ	काऽ	लि़यां	तिऽ	तलि	यांऽ	ऽऽ	वेऽ	ऽऽ	ऽऽ	ऽऽ
रेरे	मग	रे-	-सा	ध़-	--	प़प़	ध़रे	रे-	-रे	गरे	रेसा	सा-	--	--	--
कुथु	भला	रैहं	न्दे	न-	ऽऽ	वणा	देऽ	मोऽ	ऽर	वेऽ	राऽ	माऽ	ऽऽ	ऽऽ	ऽऽ
रेरे	मग	रे-	सा-	ध़-	ध़-	ध़-	सासा	सा-	मग	रेम	ग-	रे-	--	--	--
मैह	लांऽ	रैहं	दिऽ	यांऽ	ऽऽ	काऽ	लि़या	तिऽ	तलि	यांऽ	ऽऽ	वेऽ	ऽऽ	ऽऽ	ऽऽ
रेरे	मग	रे-	-सा	ध़-	--	प़प़	ध़रे	रे-	-रे	गरे	रेसा	सा-	--	--	--
बाऽ	गेऽ	रैह	न्दे	जीऽ	ऽऽ	बागे	देऽ	मोऽ	ऽर	वेऽ	राऽ	माऽ	ऽऽ	ऽऽ	ऽऽ

प्रस्तुत गीत में स्थाई है। गीत क़ी अन्य पंक्तियां भी इन्हीं स्वरों पर गाई जाएंगी।

की काली तितलियां महलों में दूध–भात खाती हैं। मोर ज्यादा सम्माननीय हैं। उन्हें मेवे अर्थात गरी (नारीयल) व छुआरे खाने को मिलते हैं। आधी रात को राम–राम कहते हुए गौतम ऋषी कन्धे पर परना (सूती तौलिया) रखे गंगा किनारे आए। उन्होंने गंगा में स्नान किया व गंगा मैया ने उन्हें आशीर्वाद दिया ...। कुछ लोकगीतों में अंश जुड़ते जाते हैं। जिनमें कई बार संगती नहीं दिखती। यह भी ऐसा ही गीत है।

67. होरना पत्तणां

होरना पत्तणां इको इक बेड़ी जी इको इक बेड़ी हो
चम्बे पत्तणे जानी दो बेड़ियां
भला हो मलाइया हो पैह्लड़ैं पूरैं लंघाई दे

अम्मां भी मैं छड्डी दित्ती बापू भी मैं छड्डेया
हो छड्डी दित्ते हो तेरी सौंह छड्डी दित्ते भाई अपणे दूर हो
भला हो मलाइया हो पैह्लड़ैं पूरैं लंघाई दे

घर भी मैं छड्डेया घराट भी मैं छड्डेया
हो छड्डी दित्ते तेरी सौंह छड्डी दित्ते नेड़ तां पड़ेस हो
भला हो मलाइया हो पुज्जणा मैं तेरी सौंह
पुज्जणा मैं सौरेयां जरूर हो

देहरा भी मैं दिक्खेया नदौण भी मैं हंडेया
हो भरी भरी तेरी सौंह भरी भरी टपदे न पूर हो
भला हो मलाइया हो पुज्जणा मैं तेरी सौंह
पुज्जणा मैं सौरेयां जरूर हो

भावार्थ :— देहरा तहसील से थोड़ी दूरी पर चम्बा नामक स्थान पर व्यास (विपाशा) नदी की नौकाओं द्वारा पार करने की सुविधा उपलब्ध है। इसी को चम्बा पत्तण (पत्तण शब्द से अभिप्राय है, जहां नौकाएं बंधी रहती हैं यातायात हेतु) कहा जाता है। युवा दुल्हन इस गीत में मल्लाह से अनुरोध करती हुई कह रही है कि बाकी पत्तणों में एक ही बेड़ी (नौका) रहती है। परन्तु चम्बा पत्तण पर दो बेड़ियां हैं। अतः मुझे पहले पूरे (फेरे) में पार पहुंचा दो। मैंने मां बाबा तथा परिवार को छोड़ दिया। पास–पड़ोस को भी छोड़ आई हूं। मल्लाह ! तुम्हारी सौगन्ध, मुझे ससुराल ज़रूर पहुंचना है। फिर पह कहती है कि उसने देहरा घूम लिया। नदौन भी देख लिया। ... यहां आकर देख रही

स्वर लिपी :-

×			२				०			३			
ध़	ध़	–	सा	–	–	–	रे	रे	–	म	–	–	–
हो	र	ऽ	ना	ऽ	ऽ	ऽ	प	त्त	ऽ	णा	ऽ	ऽ	ऽ
म	म	–	सा	–	सा	–	सा	–	–	म	–	म	–
इ	को	ऽ	इ	ऽ	क	ऽ	बे	ऽ	ऽ	ड़ी	ऽ	जी	ऽ
म	म	–	सा	–	सा	–	सा	रे	–	म	–	–	–
इ	को	ऽ	इ	ऽ	क	ऽ	बे	ऽ	ऽ	ड़ी	ऽ	ऽ	ऽ
प	–	–	–	–	–	–	म	प	–	प	–	म	म
हो	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	चं	ऽ	ऽ	बे	ऽ	प	त्त
रे	–	–	म	–	प	–	प	–	–	प	–	–	म
णे	ऽ	ऽ	जा	ऽ	नी	ऽ	दो	ऽ	ऽ	बे	ऽ	ऽ	ड़ि
म	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–
यां	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ

प्रस्तुत गीत में स्थाई है। गीत की अन्य पंक्तियां भी इन्हीं स्वरों पर गाई जाएंगी।

हूं कि बेड़ियां भर–भर कर फेरे लगाए जा रहे हैं। मैं विनती करती हूं, तुम्हें तुम्हारी ही सौगन्ध, मुझे नदी पार पहुंचा दो। आज ही ससुराल पहुंचना चाहती हूं ...। इस गीत में एक ओर पिया घर जाने का अति उत्साह है तो दूसरी ओर नदी पार करने में आती कठिनाई की ओर भी संकेत है ...। यह खेवट, भवसागर पार कराते परमेश्वर भी हो सकते हैं। आत्मा रूपी बहुरिया जिनसे अनुरोध कर रही है।

68. भला साधू जोगिया

भला साधू जोगिया वो मेया काँगड़े दे बन्ने
भल्लेया वो काँगड़े दे बन्ने, धूणा तेरा वो जोगिया

भला साधू जोगिया वो मेया बालक जे निक्का
घरैं बैठी रोये तेरी वो अम्मा
घरैं जो तूँ आया वो जोगिया

भला साधू जाोगिया वो मेया भाबिया दे टोक्यां
भलेया वो भाविया दे टोक्यां
जोग तिहाया वो जोगिया

भला साधू जोगिया वो मेया हट्टी तां घराटे
भलेया वो हट्टी तां घराटे
गलां तेरी वो जोगिया

भला साधू जोगिया वो मेया
घरैं रोये तेरी नार
उजड़िया जिसा दा संसार
घरैं जो वो औयां तूँ जोगिया

भला साधू जोगिया वो मेया
अलख जगाया भलेया हो घरैं मुड़ी फेरा पायां
भला साधू जोगिया मेया किकरी दे डाले
झोली तूंबा तेरा वो जोगिया

भावार्थ :— इस गीत में बाबा बालक नाथ की महिमा का गान है। उनके जीवन वृत्त को शब्द–बद्ध करने की चेष्टा की गई है। साधु जोगिया कांगड़ा के किनारे तेरा निवास है, जहां तू धूणा (प्रज्जवलित हवन कुंड) लगा कर बैठता है। घर में छोटा बालक है। मां तेरी याद में बिसुरती है। तू भाभी के रोकने–टोकने से नाराज हो गया। तूने योगी बनने का निर्णय ले लिया। तू तो अपना गांव–घर छोड़ कर आ गया। परन्तु यहां आज भी हर दुकान पर

स्वर लिपी :-

×			२				0			३			
ध़	सा	-	रे^म	-	सा	-	रे	-	म	प	-	-	-
भ	ला	ऽ	सा	ऽ	धू	ऽ	जो	ऽ	गि	या	ऽ	ऽ	ऽ
-	-	-	-	-	-	-	प^ध	-	-	प	-	ध	-
ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	हो	ऽ	ऽ	मे	ऽ	या	ऽ
प	-	प	प	-	पध	-	म	रे	-	रे	म	प	ध
काँ	ऽ	ग	ड़े	ऽ	देऽ	ऽ	ब	न्ने	ऽ	भ	ले	या	वो
प	-	प	प	-	पध	-	म	रे	-	रे	म	प	ध
काँ	ऽ	ग	ड़े	ऽ	देऽ	ऽ	ब	न्ने	ऽ	धू	ऽ	णा	ऽ
प	प	ध	प	ध	प	म	म	-	-	-	-	-	-
ते	रा	वो	जो	ऽ	गि	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ
म^ध	रे	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-
या	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ

प्रस्तुत गीत में स्थाई है। गीत की अन्य पंक्तियां भी इन्हीं स्वरों पर गाई जाएंगी।

और घराट (आटा पीसने का संयत्र जो नदी–नाले के किनारे, पानी की ऊर्जा से चलाया जाता है) पर तेरी ही चर्चा तथा बातें होती हैं। घर में तेरी पत्नी रोती है जिसका संसार उजड़ गया है। जोगी तूने कीकर की शाख पर अपना झोला तथा तूंबा (लोक–वाद्य) टांग रखा है। इस गीत में बाबा की भक्ति से ज्यादा उनकी मां तथा पत्नी की व्यथा को दर्शाने की चेष्टा है। घर में बच्चे के होने की बात से उन्हें उनका कर्तव्य बोध याद करवाने का प्रयास है। गीत कहना चाहता है कि योग तथा सन्यास भी आपकी लालसा या कामना ही है। इससे कहीं बेहतर है कि आप निष्काम भाव से अपने कर्तव्य निभाएं।

69. सिल्लो बिल्लो सक्किया भैणां

सिल्लो बिल्लो सक्किया भैणां हो

बिल्लो लेई जाणी सौरेयां हो तेरी सौं

हट्टी हट्टी बिकदे छआरे हो

बिल्लो तोपदी है छोरू कुआरे हो

बिल्लो लेई जाणी सौरेयां हो तेरी सौं

हट्टी हट्टी बिकदे बताशे हो

बिल्लो राहें-गोहरैं करदी तमाशे हो

बिल्लो लेई जाणी सौरेयां हो तेरी सौं

हट्टी हट्टी बिकदियां बड़ियां हो

बिल्लो करदी है नौखिया अड़ियां हो

बिल्लो लेई जाणी सौरेयां हो तेरी सौं

ावार्थ :– बोलियों के रूप में गाए जाने वाले गीतों में यद्यपि ज्यादा ध्यान वनि–साम्य पर रहता है। परन्तु इनमें भी गहरे संकेत छिपे रहते हैं – यह ीत, नृत्य गीत है अर्थात् गिद्धे (हल्दी तेल या बारात के जाने की रात का ृत्य) में गाया जाता है। इसमें दो युवा बहनों का जिक्र करते हुए, एक को ससुराल वालों की ओर से ब्याह कर ले जाने की बात है। दुकान–दुकान में छुआरे बिक रहे हैं और बिल्लो कुआरे वर की तलाश में है। यहां यह बताने ा भी प्रयास है कि युवा लड़कियों को ज्यादा वय के पुरूष से बांध दिया ाता था। लड़की वैसा नहीं चाहती ...। दुकान–दुकान में बताशे बिक रहे

स्वर लिपी :-

×			0		
सासा	ग़रे	सासा	निध़	-सा	-रे
सिल्लो	बिल्लो	सक्कि	यांऽ	ऽभै	ऽणा
म-	मग	सा-	ग-	रेसा	नीध़
होऽ	बिल्लो	लेई	जाऽ	णीसौ	रेयां
-ग़	-रे	सा-	--	--	--
होते	ऽरी	सौंऽ	ऽऽ	ऽऽ	ऽऽ
सासा	ग़रे	सासा	निध़	-सा	-रे
हट्टी	हट्टी	बिक	देछ	ऽआ	ऽरे
म-	गग	सारे	ग-	रेसा	नीध़
होऽ	बिल्लो	तोप	दीऽ	कुआ	रेऽ
-ग़	-रे	सा-	--	--	--
ऽते	ऽरी	सोंऽ	ऽऽ	ऽऽ	ऽऽ

प्रस्तुत गीत में स्थाई है। गीत की अन्य पंक्तियां भी इन्हीं स्वरों पर गाई जाएंगी।

हैं। बिल्लो राह–आंगन में तमाशे कर रही है। अठखेलियों का वर्णन है अर्थात पूर्व युवावस्था की मस्ती का चित्रण है। दुकान–दुकान में बड़ियां बेची जा रही हैं और बिल्लो इन दिनों नई–नई ज़िदें कर रही है। अब वह विवाह योग्य हो गई है, उसे ससुराल वाले ले जाएंगे।

70. मेरे देसे दियां

मेरे देसे दियां मेरे देसे दियां
चान्दी रंग सूरता जी मेरे देसे दियां
घणे बणां बिच घणे बणां बिच
सब्ज हरयावलां जी घणे बणां बिच
मेरे खेत्तरां च मेरे खेत्तरां च
फसलां सुनहरियां जी मेरे खेत्तरां च
छैल़ गबरू तां छैल़ गबरू तां
नारां बड़ी बांकियां जी छैल़ गबरू तां
मेरे हिमाचले च मेरे हिमाचले च
मिट्ठी मिट्ठी बोलियां जी मेरे हिमाचले च
देव-देवियां दी देव देवियां दी
औंदिया सवारियां जी देव-देवियां दी
मेरे देसे दियां मेरे देसे दियां
रौणकां अनोखियां जी ...
मेरे देसे दियां मेरे देसे दियां

भावार्थ :— यह गीत, हिमाचल प्रदेश के सुखद व सुहावने पर्यावरण को चित्रित करता है। जिसमें अपने पहाड़ी प्रदेश के प्रति रचयिता का हृदय विभोर व विमोहित है। बर्फ से ढकी पर्वत श्रृंखला के लिए कहा गया है कि मेरे पहाड़ों की सूरत चांदी रंग की है ...। घने वनों में हरियाली है। मेरे खेतों में सुनहरी फसलें लहलहाती हैं। युवक बलिष्ठ व सुन्दर तथा नारियां अत्यन्त बांकी (आकर्षक) हैं। मेरे हिमाचल में मीठी—मीठी बोलियां/उपबोलियां हैं।

स्वर लिपी :-

×			0		
--	--	--	--	--	गरे
ऽऽ	ऽऽ	ऽऽ	ऽऽ	ऽऽ	मेरे
सासा	सा-	--	प़प़	प़ग	ग-
देसे	दियां	ऽऽ	मेरे	देसे	दियां
रेग	रेसा	साध़	सासा	रेग	गरे
चांदी	रंग	सूर	तांऽ	जीऽ	मेरे
सासा	सासा	--	--	--	--
देसे	दिया	ऽऽ	ऽऽ	ऽऽ	ऽऽ

प्रस्तुत गीत में स्थाई है। गीत की अन्य पंक्तियां भी इन्हीं स्वरावलियों पर गाई जाएंगी।

देवताओं व देवियों की सवारियां आती हैं। (यह शिवरात्रि के अवसर पर मण्डी में एकत्रित होते देवों के प्रसंग में है) अन्त में कहा गया है कि मेरे देस (प्रदेश) की रौनक अनोखी है ...। इस गीत की महत्वपूर्ण बात यह है कि इसमें पर्यावरण के अच्छा होने को ही किसी अंचल विशेष के अच्छा व सुखमय होने की कसौटी माना गया है ...। इस गीत के केन्द्र में हिमाचल प्रदेश का प्राकृतिक सौन्दर्य तथा सम्पदा है ...। पर्यावरणीय बोध इस रचना को विशेष बना देता है ...।

71. कजो नैण मलाए

कजो नैण मलाए ओ दिला मेरेया
कजो चैन चुराया ओ जानी मेरिये
पहले चोरी-चोरी नखरे दखाए तैं
फिरी रोई-रोई फफड़े लगाए तैं
कजो भोला-भाला दिल हो मेरा लुटेया
छौंवा मारी करी धुप्पा कजो सुटेया
अप्पूं डोलियां च बैठी चली पेई तूँ
कजो झूठे लारे मिंजो लांदी रेई तू
धोखा देई घर अपणा बसाया
सारी उम्रा दा रोणा पल्लें पाया
इस दिलड़ू नमाणे ने क्या पाया
दिन राती दा भी चैन गुआया
झूठे चकरे च मिंजो मुइए पाया
जीन्दे जी कजो मारी मुकाया

भावार्थ :— इस प्रेम गीत में, झूठी प्रियतमा से शिकायत है। जिसने पहले तो नयन मिलाए अर्थात प्रेम जताया फिर वह अपना अलग घर संसार बसाने के लिए चली गई। ... क्यूं नैन मिलाए ? क्यूं मेरे मन का चैन गंवाया ? पहले तो मुझसे, सबसे छुप कर मिलती रही। नाज़—नखरे दिखाती रही। रो रो कर अपनी वफा का भरोसा जताती रही। मुझ से झूठमूठ का लाड़ करती रही। फिर छोड़ दिया। क्यूं मेरा भोला भाला दिल तूने लूटा। स्वयं तो पालकी में बैठ कर पिया घर चल पड़ी। यदि ऐसा ही करना था तो, मुझे भरोसा क्यूं देती रही। तूने मुझे धोखा देकर अपना घर बसाया है। इस सारे खेल में मेरे बेचारे

स्वर लिपी :-

x		0		x		0	
–	–	प़	प़	प़	ध़	सा	सा
ऽ	ऽ	क	जो	नै	ऽ	ण	म
सा	रेग	ग	ग	सा	ग	रे	रे
ला	एओ	दि	ला	मे	रे	या	ऽ
–	–	रे	रेसा	सा	रे	रे^ग	रेसा
ऽ	ऽ	क	जोऽ	चै	ऽ	न	चुऽ
सा	रेग	ग	ग	रे	सा	–	^गरे
रा	याओ	जा	नी	मे	ऽ	ऽ	रिं
सा	–	प–	प–	म॑	प	–	–
ये	ऽ	पह	लेऽ	चो	री	चो	री
म॑	म॑	म॑ग	ग	म॑	प	–	–
न	ख	रेऽ	दि	खा	ए	तैं	ऽ
–	–	प	म॑	म॑	ग	ग	ग
ऽ	ऽ	फि	री	रो	ई	रो	ई
ग	रे	रे	ग	ग	रे	सा	–
फ	फ	ड़े	ल	गा	ए	ते	ऽ
–	–	–	–	–	–	–	–
ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ

प्रस्तुत गीत में स्थाई व अन्तरा दोनों हैं। गीत की अन्य पंक्तियां भी इन्हीं स्वरों पर गाई जाएंगी।

दिल ने क्या हासिल किया ? सारी उम्र के लिए रोना मेरे पल्ले में (हिस्से में) डाल दिया। मेरे मन ने दिन रात अर्थात पल–पल का चैन खो दिया है। अपनी झूठी प्रीत में मुझे क्यूं उलझाया ? तुमने तो मानों मुझे जीते जी मार दिया। प्रेम में धोखा खाया मन, इतना निराश व उदास हो गया है कि खुद पर तथा सारे संसार पर से उसका विश्वास उठ गया है।

72. झुल वो तूं झुल वो सुपारी दिए डालि़ए

ुल वो तूं झुल वो सुपारी दिए डालि़ए
ँ वो मेरा हो तेरी सौंह्
ँ वो मेरा लोभी गल़े लाया हो

मरी वो तू जायां इस खूंऐ पर पाणीए भरींदीए
तैं वो मेरा, हो तेरी सौंह
तैं वो मेरा लोभी गल़े लाया हो

ारी वो तू जायां, इस बागे दी ए मालणे
ए फूलाँ वो चुंगेदिए,
ँ वो मेरा लोभी गल़े लाया हो

मरी वो तू जायां इस बणे बिच डंगरा चरांदिए
तैं वो मेरा हां तेरी सौंह
तैं वो मेरा लोभी भरमाया हो

ावार्थ :— इस गीत में प्रेमी हृदय की ईर्ष्या अपने अतिरके में चित्रित हुई ै। प्रिया को सुपारी की डाली से शिकायत नहीं है। इसे वह झूलते रहने की ाशीष देते कहती है कि तू फलती—फूलती रह। तूने मेरा लोभी (मेरा प्रिय) ले लगाया। अन्य सभी से उसे नाराजगी है। कुंए पर पानी भरती नारी को ह मर जाने का श्राप देती हुई कहती है कि तूने मेरे प्रियतम को गले से ागाया अर्थात उसके प्रति प्रेम जताया है। बाग के फूल चुनती मालिन को ी कहती है कि तूं मर जाए। क्योंकि तूने मेरे प्रियतम को प्यार किया है। से हर एक के प्रति शंका है। वन में पशु चराती ग्वालिन पर भी अपने

स्वर लिपी :-

×			२				0			३			
ग़	ग़	-	प़	-	प़	-	ध़	सा	-	सा	-	-	ग
झु	ल	ऽ	वो	ऽ	तां	ऽ	झु	ल	ऽ	वो	ऽ	ऽ	सु
रे	ग	-	रे	-	सा	-	रे	ग	-	रे	-	-	-
पा	री	ऽ	दि	ऽ	ए	ऽ	डा	लि़	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ
रे	-	-	रे	-	-	-	सा	रे	-	सा	-	ध़	-
ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	तैं	वो	ऽ	मे	ऽ	रा	ऽ
ध़	सा	-	रे	-	ग	-	सा	रे	-	सा	-	-	-
लो	भी	ऽ	ग	ऽ	लें़	ऽ	ला	या	ऽ	हो	ऽ	ऽ	ऽ

प्रस्तुत गीत में स्थाई है। गीत की अन्य पंक्तियां भी इन्हीं स्वरावलियों पर गाई जाएंगी।

प्रियतम को भरमाने का आरोप लगाते हुए उसे अशुभ शब्दों से सम्बोधित करती है ...। यह प्रेम की पराकाष्ठा न होकर अविश्वास की पराकाष्ठा है

विलुप्त होते शब्दों, धुनों तथा अर्थबोध पर विशेष

विलुप्त होते शब्दों तथा अर्थबोध पर चिन्ता की जानी ज़रूरी है। ोक गीत, संस्कार अनुष्ठानों, मेलों–त्योहारों तथा फ़सलों, पेड़–पौधों पर ेन्द्रित होते हैं। जिनका स्वरूप अब बदल रहा है। संस्कार अनुष्ठान रलीकृत व संक्षिप्त किए जा रहे हैं। मेलों–त्योहारों पर आयोजित सांस्कृतिक ायोजन लोक–साहित्य से अलग हो रहे हैं। लोक–रंग इनमें यदि होता भी ै तो तथाकथित आधुनिक अभिरूचि के अनुरूप ...। घर–आंगन से पेड़– ौधे विलग रहे हैं। फ़सलों से सम्बन्धित काम–काज आधुनिक संयत्रों के योग से भिन्न रूप ले रहा है ...। इस बदलते हुए परिवेश में कुछ शब्द गुम ोते जा रहे हैं तो कुछ का अर्थ बोध बदल रहा है। खेती–बाड़ी से जुड़े कुछ ाब्दों की जगह दूसरे शब्द ले रहे हैं (गाने वाले की समझ व रूचि के नुरूप)। ऐसे बहुत उदाहरण हैं – एक गीत है : "धान बड्डे अच्छरिए कूड़ी म्मी हो/मिंजो तां भला कांगड़े दी कुड़ी गम्मी हो।" इसमें पहली पंक्ति में ूड़ी शब्द का अर्थ है, धान की पराली का संगेला करने में प्रयुक्त बांस की म्बी लकड़ी या लाठी। परन्तु इस प्रक्रिया से अनभिज्ञ युवा गायक यहां कुड़ी ा ही प्रयोग करने लगे हैं अर्थात लड़की। जिसकी संगती धान काटने से हीं बैठती और अनावश्यक पुनरावृत्ति से शिल्प सौन्दर्य खंडित होता है...। क गीत है – "हाय वो चम्बा हरेया–भरेया/हरेया–भरेया रांझणा हो। हरियां म्बे दियां डालि़यां हो।" यहां चम्बा से अभिप्राय चंपा फूल से है, चम्बा जसका पहाड़ी संस्करण है। परन्तु कुछ इसे चंबा स्थान से जोड़ कर देखते ैं। ... पहाड़ी भाषा में अधिकतर ल़ का तथा ब का प्रयोग होता है ...। यहां ी हिन्दी व अंग्रेज़ी भाषियों के पदार्पण से (पहाड़ी जिनमें रची–बसी नहीं है। तथा व का प्रयोग होने लगा है। भाषा को उसकी मौलिकता से विछिन्न रते हुए। ... एक गीत की पंक्ति है राजे दिए बेड़िए सौकणी तू मेरिए ... हां कुछ गायकों ने राजे दिए बेटिए भी कहा है। बेड़ी या नौका कैसे सौतन ो सकती है ? एक तो उन्हें मानवीकरण अलंकार का बोध नहीं दूसरा राजा ी बेटी को सौतन कहते हुए, जिस पर मियां जसरोटिया मोहित हो गया है, र्थ बड़ा सरल–सीधा हो जाता है। दूसरी तरफ राजा की बेड़ी अर्थात नौका

को सौतन कहते हुए इसका अर्थ ग्रहण करना कि मियां जसरोटिया इस पर बैठ कर नदी पार जाता है अपनी प्रिया से मिलने ... नौका से उसका लगाव बढ़ गया है। वह निमित्त बनती है मिलन का ... इसलिए सौतन सी हो गई, कठिन है। इसी तरह एक गीत है "बे चुकेया कुम्भ घड़ा गोरिया बे रौइया गाणिए जो गेई बे हां"। इसमें रौइया का तात्पर्य पानी के स्रोत से है जबकि कुछ गायक इसे राहिया कह देते हैं। उनका अभिप्राय राही से हो जाता है। लेकिन पानी के स्रोत से ही पानी भरने की बात यहां कही गई है। व्यंग्यार्थ या लक्ष्यार्थ पकड़ पाने का अवकाश व धैर्य भागती मेधाओं के पास थोड़ा कम है ... और भी कितने ही ऐसे शब्द है जो प्रालेखित नहीं हुए तो आने वाले समय के दिल व जुबान से दूर होते जाएंगे ...। कुछ धुनें भी विस्मृति के गर्त में समा रही हैं। जिन पर आधुनिक गायक व संगीतकारों का ध्यान नहीं जा रहा ...। उदाहरणार्थ चिट्टी–चिट्टी चादर, गीत की धुन के सौ वर्ष से अधिक प्राचीन होने के प्रमाण हैं। आज यह गीत चार पंक्तियों के नए मुखड़े के साथ नई धुन में प्रचलित है। हमने इसकी पुरानी धुन का स्वरांकन भी दिया है। एक गीत इसमें है – संझा पेइयां दिन घर गेया ... अत्यन्त प्राचीन यह धुन जो गांव–देहात की वयोवृद्ध महिलाओं के पास ही बची हुई है। इस गीत की धुन भी स्वरांकित है। बड़ी रूचिकर बात है कि इस गीत की बन्दिश गज़ल रूप में है। बाकायदा काफिए रदीफ के सही प्रयोग सहित। लोक गीतों की इसी प्राचीनता, परम्परा तथा मौलिकता को सहेजने का विनम्र प्रयास है – लोकभाव स्वरांजली–भाग दो।